www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

RNI NO.MPHIN/2017/72749 भोपाल, रविवार, 27 अप्रैल 2025, शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-9 अंक- 15 पृष्ठ-8 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

एमपी में रह रहे 228 पाकिस्तानी नागरिकों का आज अंतिम दिन

■ आतंकी हमले के बाद वीजा रद्द, 27 तक मध्यप्रदेश से जाना होगा

भोपाल/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के सभी वीजा रद्द कर दिया है, जिसके तहत मध्य प्रदेश में रह रहे 228 पाक नागरिकों को 27 अप्रैल से पहले देश छोड़ना होगा। 22 अप्रैल को आतंकियों ने पहलगाम में निहत्थे नागरिकों पर कायराना हमला किया, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई। इनमें से अधिकांश पर्यटक थे। इस घटना के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का निर्णय लिया।गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी राज्यों को आदेश दिया गया है कि वे अपने यहां रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें 27 अप्रैल से पहले देश छोड़ने को कहें। मध्य प्रदेश सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में इस समय 228 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा काम केंद्र को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा की कार्यपद्धति 'संपर्क व संवाद', वीडी बोले-

लव जिहाद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

भोपाल/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि संपर्क व संवाद भारतीय जनता पार्टी की विशिष्ट कार्यपद्धति है। हमारे संगठन में अनुशासनहीनता का कोई स्थान नहीं है, अगर कोई कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि ऐसा प्रयास करता है, तो उस पर तत्काल कार्यवाही होती है। लव जिहाद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोकेगा। शर्मा ने कहा कि पार्टी अपनी कार्यपद्धति के तहत समय-समय पर अनुशासनहीनता करने वालों से चर्चा करती है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को पार्टी के दो महापौर व दो विधायक प्रदीप पटेल व प्रीतम सिंह लोधी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गुमराह करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

शर्मा ने कहा कि भोपाल में लव जिहाद करने वाली गैंग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। उन्होंने कहा कि इस घटना की गहराई में जाएंगे, जो ऐसे तथाकथित समाज विरोधी लोग हैं। जिन्होंने हमारी बहन-बेटियों को गुमराह करके लव जिहाद किया है, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस प्रकरण से जुड़े एक-एक अपराधी जहां भी होंगे वह बचेंगे नहीं और उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी कि उन्हें भी पता चलेगा कि ऐसा करने का अंजाम क्या होता है।

आज बेबाक

पाकिस्तान के पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो ज्यादा बिलबिला रहे हैं। उनका कहना है कि सिंधु नदी पाकिस्तान की है। उसमें यदि पानी नहीं बहेगा तो हिन्दुस्तान का खून बहेगा। पाकिस्तान में अपने समर्थकों के बीच खड़े होकर इस तरह की बयानबाजी कर बिलावल भुट्टो खुद को तुर्रम खां साबित करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। हकीकत भारत के कठोर रूख को देखकर पाकिस्तान के तमाम हुक्मरानों की तरह बिलावल भुट्टो की भी पतलून गीली हो रही है। पाकिस्तान के एक और मंत्री ने भारत को परमाणु बम की धमकी दी है। लगता है इन अहमकों की शामत आने वाली है।

इंदौर में टेक्नोलॉजी का महाकुंभ हजार करोड़ का निवेश संभव

100 से ज्यादा एनिमेशन कंपनियों के साथ होगा करार

■ दुनियाभर की सौ से अधिक एनिमेशन कंपनियां करेंगी शिरकत

इंदौर/नवप्रदेश। इंदौर में होने वाली एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के लिए एनिमेशन इंडस्ट्री के दिग्गजों को बेसब्री से इंतजार है। 27 अप्रैल को ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में होने वाले इस आयोजन में दुनियाभर की सौ से अधिक एनिमेशन कंपनियां शिरकत करेंगी। इंदौर को टेक्नोलाजी में नंबर वन बनाने के लिए आयोजित हो रही इस कॉन्क्लेव में सिर्फ एनिमेशन इंडस्ट्री के लिए ही 500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव आने की संभावना है।

युवाओं को मप्र में ही मिलेंगे बेहतर अवसर

क्रेजी कब एनिमेशन स्टूडियो के सीईओ कमल पाहूजा ने बताया कि मप्र का टैलेंज नौकरी के लिए दुनियाभर में जा रहा है। यदि सरकार यहां पर बेहतर सुविधाएं देगी तो यहां का टैलेंट यहीं पर रहेगा और दुनियाभर के लिए काम करेगा। इसी सोच के साथ नई नीतियां बनाई जा रही हैं। हमें उम्मीद है इस कॉन्क्लेव से प्रदेश की एनिमेशन इंडस्ट्री को तुरंत गति मिलेगी।

एनिमेशन इंडस्ट्री के लिए अलग से नीतियां बनाई गई हैं

मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) इंदौर के स्टॉफमहाप्रबंधक एवं नोडल अधिकारी द्वारकेश कुमार सराफने बताया कि कॉन्क्लेव में दुनिया की शीर्ष कंपनियां यहां आएंगी। सरकार का पूरा फोकस रोजगार और निवेश पर है। इसी को ध्यान में रखते हुए अलग से पालिसी बनाई गई है। एनिमेशन इंडस्ट्री के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिसका लाभ कंपनियों को मिलेगा और रोजगार बढ़ेंगे।

दुनियाभर की कंपनियां यहां आना चाहती हैं

असिफा इंडिया के प्रेसिडेंट संजय खिमेसरा ने बताया कि टियर 2 सिटी में ग्रोथ की सबसे ज्यादा संभावना हैं। यहां पर कास्ट आफ आपरेशन बहुत कम है, इसलिए सभी बड़ी कंपनियां यहां पर आना चाहती हैं। यहां के टैलेंटेड युवाओं की दुनियाभर में डिमांड है। आने वाला समय टियर 2 सिटीज का ही है। नई नीतियों से दुनिया की बड़ी कंपनियां भी यहां आकर काम करेंगी।

यह बड़ी घोषणाएं होंगी

- ■ मप्र में आने वाली एनिमेशन कंपनियों को अलग अलग योजनाओं में 30 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी।
- ■ बजट पर आधारित कई योजनाओं के अंतर्गत कंपनियों को टैक्स में बड़ी छूट दी जाएगी।
- ■ मप्र के युवाओं को अवसर देने वाली कंपनियों को विशेष पैकेज दिए जाएंगे।
- ■ मप्र के फाइन आर्ट्स कालेजों में टेक्नोलाजी लैब बनेंगी।
- ■ प्रदेश के होनहार छात्रों को पढ़ाने का खर्च सरकार उठाएगी।
- ■ सेंट्रल एक्सीलेंस सिस्टम के तहत छात्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ा जाएगा।

बीजापुर : एंटी नक्सल अभियान का पांचवा दिन

करेंगुट्टा पहाड़ियों पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा से लगे बीजापुर जिले के करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच पिछले 120 घंटों से मुठभेड़ जारी है। सुरक्षा बलों के जवान, जो चॉपर के जरिए मुठभेड़ स्थल से बीजापुर वापस लौटे थे, उन्हें करेंगुट्टा पहाड़ी के लिए रवाना किया जा रहा है। मुठभेड़ स्थल दुर्गम पहाड़ी इलाकों में स्थित है, जिससे सुरक्षा बलों के लिए स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। 120 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन मुठभेड़ थमी नहीं है। सुरक्षाबल और अधिकारी पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं।

माओवादियों पर बड़ा प्रहार : इससे पहले 21 अप्रैल को बस्तर के नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर के बेदरे थाना क्षेत्र इलाके में माओवादियों और सुरक्षाबलों के जवानों के बीच गोलीबारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाई

अधिकारियों की मानें तो यह अभियान बस्तर क्षेत्र में शुरू की गई सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाई में से एक है। इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, विशेष कार्य बल (एसटीएफ), राज्य पुलिस की सभी इकाइयों, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा सहित विभिन्न इकाइयों के लगभग 10 हजार जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना पुलिस भी इस अभियान में सहायक भूमिका में है।

म्यांमार में भूकंप,मरने वालों की संख्या 3,763 हुई

यांगून (वार्ता) । म्यांमार में आए 7.9 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या शुक्रवार तक बढ़कर 3,763 हो गई है। सरकारी दैनिक म्यांमार एलिन ने बताया कि इस भूकम्प में 5,107 लोग घायल हुए तथा 110 लोग लापता हैं।

सेना की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करे मीडिया

नई दिल्ली(ए.)। केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के मीडिया चैनलों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण करने से बचने की सलाह दी है और कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से जाने-अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी की सलाह- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की सलाह जारी की है। मंत्रालय की तरफ से जारी सलाह में कहा गया है, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का प्रयोग करें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।

देवबंद: लाइसेंसी पटाखे की फैक्ट्री में विस्फोट, 3 की मौत

देवबंद (सहारनपुर) (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के देवबंद कोतवाली क्षेत्र के जड़ौदा जट्ट गांव में चल रही लाइसेंसी पटाखे की फैक्ट्री में शनिवार सुबह विस्फोट हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी। विस्फोट की आवाज से वहां जबरदस्त हड़कंप मच गया, इसके बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में सहारनपुर के आला पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई।

युवा राष्ट्र की प्रगति और सफलता की नींव: मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को राष्ट्र की प्रगति एवं सफलता की नींव बताते हुए कहा है कि इनके राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने से राष्ट्र तेजी से विकास करता है तथा वैश्विक मंच पर अपनी पहचान स्थापित करता है। मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित किया तथा विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन युवाओं के लिए नई जिम्मेदारियों की शुरुआत हुई है जिनमें देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत करना, आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना, आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में योगदान देना तथा श्रमिकों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाना शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस ईमानदारी से ये युवा अपनी जिम्मेदारियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

15000 छात्रों से वसूले 206 करोड़ और शिक्षक को वेतन नहीं

32 कोचिंग सेंटर बंद, अभिभावक परेशान

नई दिल्ली (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), लखनऊ जोनल कार्यालय ने एफआईआईटी-जेईई धोखाधड़ी मामले में 24 अप्रैल को नोएडा, दिल्ली और गुड़गांव में सात स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी ली है। एफआईआईटी-जेईई के निदेशक डीके गोयल, सीईओ, सीओओ और सीएफओ के आवासों के साथ-साथ एफआईआईटी-जेईई कोचिंग संस्थान के आधिकारिक परिसर में भी तलाशी ली गई।

ईडी ने नोएडा, लखनऊ, दिल्ली, भोपाल और अन्य स्थानों पर दर्ज कई एफआईआर के आधार पर एफआईआईटी-जेईई और उसके वरिष्ठ प्रबंधन के खिलाफ जांच शुरू की थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि एफआईआईटी-जेईई के वरिष्ठ प्रबंधन ने गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सेवाएं प्रदान करने के बहाने छात्रों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कैलाश मानसरोवर यात्रा छह वर्ष बाद फिर से होने जा रही है शुरु

नई दिल्ली (वार्ता)। तिब्बत में स्थित कैलाश मानसरोवर की यात्रा छह वर्ष के बाद फिर से शुरू होने जा रही है और विदेश मंत्रालय ने इसके लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त के दौरान आयोजित की जाएगी। इस वर्ष 50-50 यात्रियों के कुल 15 बैच जाएंगे जिनमें से पांच बैच, उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे के रास्ते से और 10 बैच सिक्किम में नाथू ला दर्रे के रास्ते से जाएगी। लिपुलेख दर्रे से होकर जाने पर 22 दिन और नाथू ला दर्रे से होकर 21 दिन का समय लगेगा। विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए बनी विशिष्ट वेबसाइट केएमवाई डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीकरण शुरू कर दिया है। यात्रियों का चयन आवेदकों में से एक निष्पक्ष, कंप्यूटर-जनित, यादृच्छिक और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। उत्तराखंड के रास्ते से जाने वाले यात्रियों को अब पैदल नहीं चलना पड़ेगा। लिपुलेख दर्रे तक सड़क बन गई है। उन्हें ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

जांच जारी सूचना देने वाले को इनाम की घोषणा

पेंच टाइगर रिजर्व में मिला बाघिन का शव, दांत और पंजे गायब

सिवनी/नवप्रदेश। पेंच टाइगर रिजर्व के रूखड़ बफर जंगल के मासूलनाला क्षेत्र की रेतीली जमीन में दबा बाघिन का शव शनिवार सुबह गश्ती दल को मिला है। बाघ का शव लगभग एक माह पुराना होने का अनुमान है, शरीर का अधिकांश हिस्सा सड़कर खराब हो चुका है। वहीं, मृत बाघिन के चार पंजे और तीन दांत गायब हैं।

पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि घटनास्थल और शव परीक्षण में उम्रदराज बाघिन की प्राकृतिक स्वभाविक मौत होना प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है। संभावना है कि बाघिन की मौत के बाद अज्ञात आरोपियों ने कुल्हाड़ी अथवा अन्य किसी धारदार हथियार से बाघिन के चारों पंजे और जबड़े के तीन दांत काटकर शव को सूखे नाले की रेतीली जमीन में दबाकर मौके से फरार हो गए हैं। डाग स्क्वायड और अन्य माध्यमों से अज्ञात आरोपियों की तलाश का प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र संचालक देवप्रसाद जे ने बाघिन के पंजों को काटने और दांत निकलने वाले आरोपियों के बारे में पुख्ता सूचना देने पर 10 हजार रुपये पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है।

शव की बदबू उठने पर गश्ती दल पहुंचा

डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल की सुबह रूखड़ बफर परिक्षेत्र की रुखड पूर्व बीट में मासूरनाला क्षेत्र में वन्यप्राणी के शव की बदबू उठने पर गश्ती दल मौके पर पहुंचा था। खाईनुमा क्षेत्र के सूखे नाले में बाघ के शव लगभग दो तिहाई हिस्सा रेत में अंदर दबा था। पेंच पार्क में उपलब्ध फोटो डेटा बेस से मिलान करने पर मृत बाघ मादा पाई गई, जो पहली बार 2016 में कैमरा ट्रैप में आई थी, जिसे पीएन 42 क्रमांक मिला था। उस समय वयस्क बाघिन की उम्र लगभग तीन साल थी, इसके अनुसार वर्तमान में मृत बाघिन 12 या अधिक वर्ष आयु की थी।

शव को किया आग के हवाले

डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि एनटीसीए के दिशा निर्देश अनुरूप वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा से बाघिन का शव परीक्षण कराया गया, जिसमें किसी भी प्रकार से जहर खुरानी, करंट या गोली लगने के साक्ष्य नहीं मिले। प्रथम दृष्टया बाघिन की मौत स्वभाविक रूप से होना प्रतीत होता है। किंतु बाघिन का शव देखकर सघन और दुर्गम वनक्षेत्र में पहुंचने वाले अज्ञात आरोपियों ने बाघिन के चारों पंजे धारदार हथियार से काट लिए तथा तीन दांत भी उखाड़ लिए हैं। बाद में बाघिन के शव को रेत में दबा दिया। पोस्टमार्टम के बाद एनटीसीए के प्रोटोकाल के अनुसार पेंच टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक, उपसंचालक, भस्मीकरण समिति के अन्य सदस्यों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उत्तर प्रदेश की 'वन ट्रिलियन डॉलर' इकोनॉमी की रीढ़ बनेगा हेल्थ सेक्टर

लखनऊ,(आईएएनएस)। योगी सरकार उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभिन्न सेक्टरों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनाने में हेल्थ सेक्टर का बड़ा योगदान मानते हैं। उनके अनुसार, स्वस्थ समाज ही समृद्ध राज्य की नींव रखता है। इसे ध्यान में रखते हुए हेल्थ सेक्टर को आर्थिक विकास का मजबूत आधार बनाने की दिशा में खाका तैयार किया गया है।

हेल्थ सेक्टर में निवेश

मुख्यमंत्री ने हाल ही में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की थी। उन्होंने कहा कि रणनीति बनाकर हेल्थ सेक्टर में निवेश को आकर्षित किया जाए तो इससे प्रदेश को करीब 0.40 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक फायदा (जीएसवीए) हो सकता है। इसके लिए दो चीजों पर विशेष ध्यान देना होगा। इसमें पहला अस्पतालों और हेल्थ सेंटर की सुविधाओं को बढ़ाना और दूसरा स्वास्थ्य से जुड़ी सरकार की योजनाओं को और मजबूत करना है।

डिजिटल टेक्नोलॉजी और टेलीमेडिसिन पर फोकस

अस्पतालों और हेल्थ सेंटर की सुविधाएं बढ़ाने के लिए तीन महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे - हेल्थ और वेलनेस सेंटर्स का निर्माण, सेकंडरी केयर के लिए अस्पतालों के निर्माण में निजी निवेश को बढ़ावा और डिजिटल टेक्नोलॉजी और टेलीमेडिसिन पर फोकस। इससे प्रदेश को करीब 0.39 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक फायदा (जीएसवीए) हो सकता है।

पीपीपी मॉडल के तहत मंजूरी

बैठक में अधिकारियों ने सीएम योगी को बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और डॉक्टरों तथा विशेषज्ञों को आकर्षित करने के लिए निजी क्षेत्र में नए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के निर्माण में निवेश को प्राथमिकता दी जा रही है।

इसके तहत पीएम गतिशक्ति पोर्टल और जीआईएस का उपयोग कर 5,000 नए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की स्थापना के लिए स्थानों की पहचान की जा चुकी है। इन केंद्रों के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं तक ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, योगी सरकार ने सेकंडरी केयर अस्पतालों के लिए पीपीपी मॉडल के तहत निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने की नीति को मंजूरी दी है, जिससे जीएसवीए में इजाफा होगा। इसके साथ ही डिजिटल टेक्नोलॉजी और टेलीमेडिसिन को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और योजनाओं को सशक्त करने के लिए कदम उठाए गए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सेवा वितरण को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए टेलीमेडिसिन हब मॉडल को अपनाया जा रहा है।

राशन कार्ड वाले डेटा को हेल्थ स्कीम्स से जोड़ा

योगी सरकार प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी सरकार की योजनाओं को और मजबूत करने पर जोर दे रही है। इससे प्रदेश को करीब 0.01 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक फायदा (जीएसवीए) हो सकता है। वर्तमान में आयुष्मान भारत योजना का लाभ राज्य की 43 प्रतिशत आबादी ले रही है, जिसे बढ़ाकर 63 प्रतिशत तक ले जाने की योजना है। इसके लिए राशन कार्ड वाले डेटा को हेल्थ स्कीम्स से जोड़ा जा रहा है।

नियम और ग्रेडिंग सिस्टम तैयार

वहीं, फार्मा रिसर्च और हेल्थ डाटा को बढ़ावा देने के लिए 11 मेडिकल कॉलेजों को रिसर्च के लिए तैयार किया जा रहा है, जहां दवाओं के ट्रायल होंगे। साथ ही, हेल्थ डाटा का सही इस्तेमाल करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी तकनीक अपनाई जा रही है। साथ ही, निजी अस्पतालों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए योगी सरकार उनके लिए नियम और ग्रेडिंग सिस्टम तैयार कर रही है। एआई आधारित हेल्थ एनालिटिक्स इकोसिस्टम भी सुदृढ़ किया जा रहा है। निजी अस्पतालों में सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए राज्य स्तर पर नियमावली और ग्रेडिंग सिस्टम तैयार करने के लिए एक सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है।

पीएम मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, बोले आपके हाथों में देश का भविष्य

नई दिल्ली(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'रोजगार मेला' के तहत 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए युवा शक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है।

युवाओं के नए दायित्वों की शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग-अलग विभागों में युवाओं के नए दायित्वों की शुरुआत हुई है। आपका दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का है, आपका दायित्व

देश के यंग क्रिएटर्स को पहली बार मंच मिला

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि देश में युवाओं के लिए नए-नए अवसर बन रहे हैं। कुछ ही दिन बाद विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं। देश के यंग क्रिएटर्स को पहली बार इस तरह का मंच मिल रहा है।अपने संबोधन में देश की बेटियों की तारीफकरते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज जो कीर्तिमान गढ़ रहा है उसमें हर वर्ग की भागीदारी बढ़ रही है और हमारी बेटियां दो कदम आगे ही चल रही हैं। हमारी नारीशक्ति ब्यूरोक्रेसी से लेकर स्पेस और साइंस के क्षेत्र में नई बुलंदियों को छू रही है। सरकार का विशेष ध्यान ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी है। भारत की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यूपीएससी के नतीजों में दो महिलाओं ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए हैं, जबकि तीन महिलाएं शीर्ष पांच में हैं। नौकरशाही, अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में नारी शक्ति नई ऊंचाइयों को छू रही है।

युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर

उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें। आज का यह समय भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। आईएमएफने हाल ही में कहा है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य है- 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रोडक्ट बनाने का मौका देना। इससे न केवल देश की लाखों एमएसएमई को, हमारे लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है।

महिलाओं पर विशेष ध्यान

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं पर विशेष ध्यान दे रही है, बैंक सखी, कृषि सखी और स्वयं सहायता समूह जैसी पहलों के जरिए नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। आज भारत में 90 लाख से ज्यादा स्वयं सहायता समूह हैं, जिनसे 10 करोड़ से ज्यादा महिला सदस्य जुड़ी हैं। उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए सरकार ने उनके बजट को पांच गुना बढ़ा दिया है और बिना किसी गारंटी के 20 लाख रुपये तक का लोन मुहैया कराया है।

26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने झाड़ा पल्ला, डेविड हेडली पर फोड़ा ठीकरा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है। अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था।

पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

मुंबई हमलों की साजिश में अहम भूमिका

एनआईए ने राणा के प्रत्यर्पण के लिए वर्षों तक प्रयास किए। एजेंसी ने अमेरिका की एफबीआई, न्याय विभाग और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया। राणा पर आरोप है कि उसने मुंबई हमलों की साजिश में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई हमले 26 नवंबर 2008 को हुए थे, जब 10 आतंकियों ने ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और नरीमन हाउस समेत कई जगहों पर हमला किया था।

सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका भी शामिल

बता दें कि 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। राणा को लॉस एंजेल्स से एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की टीमों के साथ एक विशेष विमान से भारत लाया गया। अमेरिका में राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए कई कानूनी कोशिश की, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका भी शामिल थी। सभी याचिकाएं खारिज होने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो सका। भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को पूरा किया।

सरस्वती शिशु मंदिर को प्रदाय की नई स्कूल बस

लखनपुर। सरगुजा जिले के लखनपुर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के द्वारा विद्यालय के लिए 20 सीटों वाली नई स्कूल बस प्रदान की गई। इसका उद्देश्य लखनपुर के आसपास के ग्राम भरतपुर, गणेशपुर, झँवरपारा, कोसांगा, इत्यादि सहित कुल 11 ग्रामों के 82 बच्चों को आवागमन के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित कराना है। बस का लोकार्पण व हस्तांतरण मुख्य अतिथि आरआरवीयूएनएल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता बाबूलाल वर्मा ने फीता काटकर और बस के जरूरी कागजातों को विद्यालय की प्राचार्या मधू पांडे को सौंपकर किया। इस दौरान आरआरवीयूएनएल के उप मुख्य अभियंता लालचंद बरेसाह, अदाणी इंटरप्राइसेस, सरगुजा के क्लस्टर एचआर हेड राम द्विवेदी, भू विभाग प्रमुख राजेश साव, अदाणी फाउंडेशन सरगुजा के प्रमुख अशोक पांडा, और अमित राय मौजूद थे। इसके अलावा

जिला पंचायत सदस्य एवं व्यवस्थापक विजय अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सन्नी बंसल, वार्ड पार्षद राकेश साहू, सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष आशीष मंगल, सुनील अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, स्कूल के शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। स्थानीय विधायक राजेश अग्रवाल के परामर्श से आरआरवीयूएनएल के परसा ईस्ट केते बासेन खदान के सामाजिक सरोकार के अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्कूल बस को करीब 20 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई है।

बांग्लादेश : बीएनपी-आवामी लीग के बीच वर्चस्व की लड़ाई

ढाका(आईएएनएस)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और अवामी लीग के समर्थकों के बीच हबीगंज के नौगांव गांव में हिंसक झड़प हुई। इस झड़प में 50 से अधिक लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घायलों में से पांच की हालत गंभीर है। सिलहट उस्मानी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी नेता अख्तर मियां और अवामी लीग के शाहजहां मियां के समर्थकों के बीच क्षेत्र में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर लंबे समय से तनाव बढ़ रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्ष के समर्थकों ने शुक्रवार को कथित तौर पर हिंसक झड़प की। यह टकराव लगभग दो घंटे तक चला, जिसमें 50 से अधिक लोग घायल हो गए। अजमेरीगंज थाने के प्रभारी अधिकारी एबीएम मैदुल हसन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लाने में सफल रही। अशांति को रोकने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। शेख हसीना ने नेतृत्व वाली आवामी लीग सरकार के पिछले अगस्त में गिरने के बाद बांग्लादेश के विभिन्न क्षेत्रों में दोनों पार्टियों के समर्थकों के बीच हिंसक झड़पों की कई घटनाएं हुई हैं।

न्यूज गैलरी

अपना दल मध्य प्रदेश के सदस्यता अभियान में तेजी भोपाल में होगी अहम बैठक

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक ताकत को और मजबूत करने के लिए अपना दल (एस) 27 अप्रैल को भोपाल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने जा रहा है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी के सदस्यता अभियान को गति प्रदान करना और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर चर्चा करना है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अखिलेश पटेल के मार्गदर्शन में राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम करेंगे। इस बैठक में प्रदेशभर के कार्यकर्ता, प्रदेश पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष भी शामिल होंगे। डॉ. अखिलेश पटेल ने कहा, यह बैठक मध्य प्रदेश में पार्टी की जमीनी स्तर पर पहुंच को और सशक्त करेगी। हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के हमारे संकल्प को मजबूत करना है। डॉ. अतुल मलिकराम ने बताया कि बैठक में सदस्यता अभियान के तौर-तरीकों, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा होगी। यह बैठक पार्टी के लिए मध्य प्रदेश में एक नई ऊर्जा का संचार करने का अवसर होगी। बता दें कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने 14 अप्रैल आंबेडकर जयंती के मौके पर उत्तर प्रदेश से सदस्यता अभियान की शुरुआत की, अब उन्ही के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में भी सदस्यता अभियान को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत हजारों की संख्या में नए सदस्यों को जोड़ा गया है। वहीं आगामी बैठक में सदस्यता अभियान को रणनीतिक रूप से आगे बढ़ाने पर चर्चा होने की उम्मीद है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पिकअप ने सफाई कर्मियों को कुचला, 6 की मौत

नूंह(आईएएनएस)। हरियाणा के मेवात जिले में स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत इब्राहिमबास गांव के पास यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब सफाई कार्य में लगे करीब 11 कर्मचारी एक्सप्रेसवे की साफ-सफाई कर रहे थे। सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने अचानक आकर सफाई कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही 6 कर्मचारियों की मौत हो गई और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी मदद की। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई कर्मचारी दूर तक उछलकर जा गिरे और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सड़क पर खून के निशान और क्षत-विक्षत शवों को देख लोग स्तब्ध रह गए। पुलिस, एंबुलेंस और सड़क सुरक्षा एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर जाम लग गया, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रशासन ने तुरंत ट्रैफिक डायवर्ट कर यातायात सामान्य करने की कोशिश की। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए कर्मचारियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

पाक सेना प्रमुख की भड़काऊ बयानबाजी फिर अलापा टू नेशन थ्योरी का राग

इस्लामाबाद/नई दिल्ली (आईएएनएस)। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल सैयद असीम मुनीर ने शनिवार को एक बार फिर द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी (पीएमए) में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिंदू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं - धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच और आकांक्षाओं - में हिंदुओं से अलग हैं।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख का भड़काऊ भाषण

आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। यह पहली बार नहीं है जब मुनीर ने द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का जिक्र किया हो। पहलगाम में जघन्य हमले से कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने एक बेहद भड़काऊ भाषण दिया था। 16 अप्रैल को इस्लामाबाद में मुनीर ने पीएम शरीफकी मौजूदगी में ही प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा था कि वे यह न भूलें कि वे एक 'उच्च विचारधारा और संस्कृति' से जुड़े हैं।

पाक सेना प्रमुख ने कहा, आपको अपने बच्चों को पाकिस्तान की कहानी जरूर बतानी चाहिए। हमारे पूर्वजों का मानना था कि हम जीवन के हर पहलू में हिंदुओं से अलग हैं।

पाकिस्तान का अस्तित्व 'अद्वितीय संघर्ष और कुर्बानी'

पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान का अस्तित्व 'अद्वितीय संघर्ष और कुर्बानी' का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इसकी सुरक्षा करना देश के सशस्त्र बलों का कर्तव्य है। मुनीर ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव का जिक्र करते हुए कहा, हमारे पूर्वजों ने पाकिस्तान के निर्माण के लिए बलिदान दिया। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। इस सभा को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले की किसी भी 'तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय' जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।

चेतावनी... लोग निर्दोष लोगों के मरने पर केक खाने की बात करते हैं, मिठाई खाते हैं, बांटते हैं, क्या उनमें कोई शर्म बची है? क्या

पाकिस्तान को मिलेगा करारा जवाब, शुरुआत भारत ने नहीं की, लेकिन अंत हम ही करेंगे : मनजिंदर सिंह

नई दिल्ली(आईएएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगा। साथ ही, केंद्र सरकार से सुरक्षा चूक की जांच और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को मारा

सिरसा ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। पहलगाम में धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को मारा गया। जो लोग बेकसूरों की मौत पर जश्न मनाते हैं, उन्हें शर्म नहीं है। ऐसे लोगों को कड़ा जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, जिन्होंने हमला किया और जिन्होंने इसके लिए उकसाया, उन सभी से हिसाब लिया जाएगा।

भारत ने शुरुआत नहीं की, लेकिन अंत भारत ही करेगा। भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए गए कठोर कदमों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, हम केंद्र सरकार के साथ खड़े हैं। दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि जान गंवाने वालों की आत्मा को शांति मिले और उनके परिवारों को न्याय।

संवेदनशील इलाके में आतंकी कैसे घुस आए?

उन्होंने कहा कि जो निर्दोष लोगों के सिर कलम किए जाने पर दूतावासों में केक मंगवाकर जश्न मनाते हैं, क्या उन्हें आप पानी पीने के लायक समझते हैं?

उन्हें पानी भी नहीं मिलना चाहिए। जो लोग निर्दोष लोगों के मरने पर केक खाने की बात करते हैं, मिठाई खाते हैं, बांटते हैं, क्या उनमें कोई शर्म बची है? क्या उनमें इंसानियत बची है? उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में चूक पर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकार की जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा, इतने संवेदनशील इलाके में आतंकी कैसे घुस आए? ऐसी लापरवाही दोबारा नहीं होनी चाहिए।

खामियाजा भुगतना पड़ेगा

सिरसा ने पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार के बयान की भी निंदा की, जिसमें उन्होंने भारत को धमकी दी थी। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान बाज नहीं आएगा, तो उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत कभी आतंकवाद के आगे नहीं झुका और हमारी सेना इसका जवाब देगी। उन्होंने जोर दिया कि पूरा देश इस मुश्किल घड़ी में एकजुट है और भारतीय सेना पर गर्व है। भाजपा नेता ने स्पष्ट किया कि वह धर्म के आधार पर भेदभाव में विश्वास नहीं करते। उन्होंने सरकार से अपील की कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि निर्दोष नागरिकों की जान न जाए।

पाकिस्तान से रिश्ते खत्म करने की मांग

उलमा बोर्ड ने पहलगाम हमले के खिलाफ फतवा जारी किया

भोपाल/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऑल इंडिया उलमा बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाते हुए आतंकवाद के खिलाफ फ्तवा जारी किया है। बोर्ड के मध्य प्रदेश अध्यक्ष गाजी सैयद अनस अली ने न केवल इस हमले की कड़ी निंदा की, बल्कि केंद्र सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी राजनयिक और व्यापारिक संबंधों को समाप्त करने की मांग की है। फ्तवे में इस हमले को इंसानियत के खिलाफ अपराध बताते हुए कहा गया है कि ऐसे बर्बर कृत्य देश की फिज़ा को बिगाड़ने का प्रयास हैं, जिनका जवाब पूरी ताकत से दिया जाना चाहिए। अनस अली ने यह भी कहा कि आतंकवाद का इस्लाम से कोई संबंध नहीं है और जो ताकतें इस्लाम के नाम पर खून बहा रही हैं, वे धर्म के दुश्मन हैं।

फ्तवे में पाकिस्तान और उसके समर्थन में खड़े आतंकी संगठनों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि भारत इन हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि देशवासी एकजुट होकर इस संकट का मुकाबला करें और आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़े रहें। गाजी सैयद अनस अली ने कहा कि हमारा देश हमारी पहचान है और उसकी एकता और अखंडता से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पाकिस्तान की आतंकी साजिशों को अब मुंहतोड़ जवाब मिलना चाहिए।

बोर्ड के मध्य प्रदेश अध्यक्ष गाजी सैयद अनस अली ने देश की जनता से अपील की कि हम सब पहलगाम के शहीदों के साथ हैं और पाकिस्तान का हर तरीके से बॉयकॉट करते हैं. आतंकवादी जहां भी नजर आएं, उन्हें फौरन खत्म कर दिया जाए, ताकि मासूम और बेगुनाह लोगों की जान बच सके।

मध्यप्रदेश में पराली जलाने के मामले बढ़ें, 83,659 आग की घटनाए

■ **अप्रैल में 90 प्रतिशत पराली जली, भोपाल संभाग टॉप पर**

भोपाल/नवप्रदेश। गेहूं उत्पादन में मध्य प्रदेश का देश में दूसरा स्थान है, लेकिन फसल की कटाई के बाद खेतों में पराली जलाने में मध्य प्रदेश टॉप पर है। यह बहुत चिंता की बात है। मध्य प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 के बीच प्रदेश में आग की 83,659 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें से 90 प्रतिशत पराली जलाने के मामले हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा आग की घटनों में भोपाल संभाग 20 हजार से ज्यादा मामलों के साथ टॉप पर है। यहां पर भी रायसेन जिला और विदिशा जिले में सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। सरकार ने पराली जलाने पर रोक लगाने के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलों में कलेक्टर जुर्माना के साथ ही एफआईआर तक की कार्रवाई कर रहे है। इसके बावजूद पराली जलाने के मामले कम नहीं हो रहे है, जिसका सीधा असर वायु गुणवत्ता पर पड़ रहा है।

जुर्माना और एफआईआर

इन घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न जिलों में निगरानी और कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिला प्रशासन, पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीमें लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रही हैं। पर्यावरणविदों का मानना है कि पराली जलाने की जगह वैकल्पिक उपाय जैसे कि मल्चर मशीन, कंपोस्टिंग, और खेत में अवशेष दबाने जैसी तकनीकें अपनाई जानी चाहिए। प्रशासन द्वारा भी किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू किए गए हैं। साथ ही प्रशासन लाउड स्पीकर से जागरूकता अभियान भी चला रहा है।

संभागवार आग की घटनाओं के प्रमुख आंकड़े (1 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक):

- भोपाल संभाग- 20,833
- जबलपुर संभाग - 13,448
- सागर संभाग - 10,529 मामले
- उज्जैन संभाग - 8,694 मामले
- ग्वालियर संभाग- 8,648 मामले
- इंदौर संभाग - 7,072 मामले
- होशंगाबाद संभाग- 5,133 मामले
- रीवा संभाग - 3,967 मामले
- शहडोल संभाग - 3,270 मामले
- चंबल संभाग - 2,065 मामले

■ न्यूज गैलरी

संशयमुक्त और शीघ्र न्याय दिलाने में सहायक होंगी विज्ञान प्रयोगशालाएं :डॉ. यादव

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की न्याय व्यवस्था को सुगम, सर्व सुलभ और संशयमुक्त बनाने की दिशा में रीवा और रतलाम में आरंभ हो रही रीजनल न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशालाए महत्वपूर्ण कदम हैं। कुल 13 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनी इन प्रयोगशालाओं से रीवा, सतना, सिंगरौली, मैहर तथा रतलाम नीमच और मंदसौर क्षेत्रों में घटना स्थल पर ही टॉक्सिकोलॉजी, रसायन और जीव विज्ञान से संबंधित प्रकरणों का परिक्षण किया जा सकेगा। पुलिस, फॉरेंसिक साइंस और न्यायपालिका जस्टिस डिलेवरी सिस्टम के अभिन्न अंग हैं। यह तीनों अंग जितने ज्यादा सशक्त होंगे, उतना ही वहां के नागरिक सुरक्षित होंगे और आपराधिक गतिविधियां नियंत्रण में रहेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा और रतलाम में न्यायिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअल शुभारंभ अवसर पर यह विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव जे एन कंसोटिया,डॉ राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए।

सांसद, विधायकों को पुलिस करेगी सैल्यूट

पीसीसी चीफ ने कहा-यह आदेश लोकतंत्र पर हमला, वर्दी का अपमान

भोपाल/नवप्रदेश। एमपी के डीजीपी कैलाश मकवाना ने एक दिन पहले एक आदेश जारी किया है, जिसमें पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को सांसदों और विधायकों को सैल्यूट करने के लिए कहा गया है। अब पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर सरकार द्वारा पुलिस अधिकारियों को सांसदों और विधायकों को अनिवार्य रूप से सलामी देने संबंधी आदेश को लोकतंत्र पर हमला और वर्दी का अपमान करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिस समय राज्य की कानून व्यवस्था रसातल में पहुंच चुकी हो, पुलिस खुद अपराधियों के निशाने पर हो, ऐसे समय में राज्य सरकार पुलिस को न्याय दिलाने की बजाय सत्ता के प्रतीकों के सामने झुकने का फरमान सुना रही है। यह आदेश जनतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों और संविधान की आत्मा 'जनता सर्वोच्च है' का भी अपमान है। सरकार के निर्णय से असहमति जताते हुए पीसीसी चीफ ने कहा कि पुलिस का मनोबल पहले ही कमजोर है। वह एक ओर अपराधियों से लड़ रही है, तो दूसरी तरफ भाजपा नेताओं के दबाव से! अब यह आदेश उन्हें और भी कमजोर, झुका हुआ और भयभीत बना सकता है। पुलिस की निडर और निष्पक्ष कार्यप्रणाली में सत्ता दल के नेताओं का दखल बढ़ सकता है!

6 महीने में पुलिस पर हमलों की दर्जनों घटनाएं

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेशभर में रेत, शराब, भू-माफिया और ट्रांसपोर्ट सिंडिकेट खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। पिछले 06 महीने में पुलिस पर हमलों की दर्जनों घटनाएं, थानों पर हमले, जवानों को पीटना, राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों को बचाना, लगातार हो रही ऐसी अनेक घटनाओं ने पुलिस की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं, बच्चों और दलितों के खिलाफ अपराध में मध्य प्रदेश टॉप पर है।

पटवारी ने सरकार से पूछे सवाल

पुलिस की प्राथमिकता अपराध रोकना है या नेताओं को सलाम ठोकना? जब किसी मामले में विधायक थाने आकर दबाव बनाएंगे और पहले सलामी लेंगे, तब पुलिस स्वतंत्र जांच कैसे करेगी? क्या लॉ एंड ऑर्डर की स्थितियों में नेतागिरी के लिए पहुंचने वाले सांसदों को सैल्यूट देने के लिए पुलिस को ट्रेनिंग दी जाएगी? जब कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने की स्थिति बनेगी, तब क्या पुलिस जनता को संभालेगी या नेताओं को सम्मान देगी? पब्लिक डोमेन में आने वाली खबरें बताती हैं कि माफिया सत्ताधारी नेताओं के संरक्षण में ही गैर-कानूनी कार्य करते हैं! सरकार के इस निर्णय से क्या उनके हौसले बुलंद नहीं होंगे?

पीसीसी चीफ ने वीडियो जारी कर दुष्परिणामों की जानकारी दी

यह राजनीतिक दबाव का वैधानिककरण है, क्योंकि अब माफिया नेताओं के जरिए पुलिस पर ज्यादा दबाव बना सकेंगे। अब जनता का भरोसा ज्यादा डगमगाएगा और पुलिस की निष्पक्षता पर भी लोगों को शक होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने इंदौर के 133 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

इंदौर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशव्यापी रोजगार मेला के पंद्रहवें संस्करण के तहत 51 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसमें इंदौर के 133 युवाओं को डिजिटल माध्यम से नियुक्ति पत्र मिला। देशभर में एक साथ 47 स्थानों पर इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश के तीन प्रमुख शहर इंदौर, भोपाल और ग्वालियर भी शामिल रहे। इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में डिजिटल रूप से जुड़कर प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि हम एक साल के भीतर तीसरे रोजगार मेले का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री पर आरोप लगाते हैं कि वे युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे, वे आज के दिन के महत्व को समझें। लाखों युवाओं को अब तक नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं और यह प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और समर्पण भाव से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आज जिन युवाओं को यह अवसर मिला है, वे न केवल खुद को, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी आगे बढ़ाने में सक्षम होंगे। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि 2022 से शुरू हुई यह पहल लगातार चल रही है और इंदौर में यह चौथा रोजगार मेला है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त किए गए युवाओं को पारदर्शिता, ईमानदारी और मेहनत के साथ काम करने का संकल्प लेना चाहिए। यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का एक सशक्त माध्यम है।

सेना के शौर्य को समर्पित लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ, आतंकियों को मिलेगा जवाब

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी भोपाल के द्रोणाचल परिसर स्थित योद्धा स्थल पर लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ किया। इस शो के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य, भोपाल के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और विकास की गाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह शो हर शुक्रवार, शनिवार और रविवार को आम जनता के लिए आयोजित किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह शो युवाओं को सेना की वीरगाथा से प्रेरित करेगा और उन्हें राष्ट्र सेवा के प्रति प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त है, जो असंभव को संभव करने की शक्ति रखती है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि धर्म के नाम पर अधर्म करने वालों को करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट है। डॉ. यादव ने लाइट एंड साउंड शो की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इसमें पाषाण युग से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया गया है। शो न सिर्फ इतिहास को सजीव करता है, बल्कि भोपाल के स्वर्णिम अतीत और प्रगति को भी दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने सेना द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सेना के ÷निरामया वेलनेस सेंटर÷ जैसे प्रयासों में हर संभव सहयोग करेगी, जहां शिरोधारा, पंचकर्म, हाइड्रो थैरेपी जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल प्रीतपाल सिंह ने मुख्यमंत्री को सैनिक कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और अधोसंरचना विकास के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता से सेना और नागरिकों दोनों को लाभ मिल रहा है।

ग्वालियर में दो पक्षों में विवाद के बाद युवक की मौत, हत्या का आरोप

ग्वालियर/नवप्रदेश। ग्वालियर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के नितिन नगर में रविवार देर रात दो पड़ोसी परिवारों के बीच पुरानी रंजिश और कचरा फेंकने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चार घंटे बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने पर हंगामा किया। मृतक की पहचान अनिल माहौर के रूप में हुई है, जो ई-रिक्शा चालक था और अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी प्रवेशी, दो बेटियां सीमा और नेहा, बेटा नवीन और पीयूष हैं।

ऐसे शुरू हुआ विवाद

अनिल माहौर का विवाद पड़ोसी नरेंद्र यादव और उसके भाई योगेन्द्र उर्फ गोलू यादव से पहले से चल रहा था। रविवार को अनिल गली में टहल रहा था, तभी नरेंद्र यादव ने कचरे की बाल्टी फेंकी जो अनिल के पास जाकर गिरी। इस पर दोनों में कहासुनी हो गई। अनिल ने गुस्से में आकर डंडे से नरेंद्र पर दो-तीन वार कर दिए। इसके बाद नरेंद्र का भाई योगेन्द्र और घर की महिलाएं बाहर आ गईं। उन्होंने अनिल को पकड़कर जमीन पर पटक दिया और बुरी तरह पीटा। किसी ने उसकी छाती पर पैर रख दिया, तो किसी ने गला दबाया।

सीसीटीवी फुटेज आया सामने

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें मारपीट की तस्वीरें साफ दिखाई दे रही हैं। मारपीट के बाद अनिल को घबराहट और सांस लेने में परेशानी होने लगी। परिजन उसे पहले घर ले गए और बाद में अस्पतालों की तलाश शुरू की। करीब 11 बजे उसे जिला अस्पताल मुरार ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इससे पहले दो-तीन निजी अस्पतालों ने भर्ती करने से इनकार कर दिया था।

हाईकोर्ट का निर्देश; अगली सुनवाई 9 मई को

घोषित समय सारिणी के अनुसार ही हो नर्सिंग परीक्षा

जबलपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों में फर्जीवाड़े को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने नर्सिंग परीक्षाओं को घोषित समय सारिणी के अनुसार ही आयोजित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी एवं न्यायमूर्ति ए.के. पालीवाल की युगलपीठ ने स्पष्ट किया कि परीक्षा तिथियों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाए। याचिका लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से दायर की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि प्रदेश में कई नर्सिंग कॉलेज नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं। कोर्ट को बताया गया कि कॉलेजों की जांच प्रक्रिया के चलते पिछले कुछ वर्षों में परीक्षाएं लगातार टलती रही हैं और कई बार घोषित तारीखों को रद्द या संशोधित भी किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को भारी असुविधा हुई है। उल्लेखनीय है कि घोषित कार्यक्रम के अनुसार नर्सिंग परीक्षाएं 28 और 29 अप्रैल को आयोजित की जानी हैं। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पात्र कॉलेजों के छात्रों के लिए विशेष परीक्षा आयोजन के मुद्दे पर न्यायालय आगे सुनवाई करेगा।

हाई लेवल कमेटी की भूमिका समाप्त: हाईकोर्ट ने पहले सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की थी, जिसका उद्देश्य सीबीआई जांच में दोषी पाए गए कॉलेजों की कमियों की सुनवाई कर उन्हें 'सूटेबल' अथवा 'अनसूटेबल' की श्रेणी में सूचीबद्ध करना था। अब कोर्ट ने इस कमेटी की भूमिका समाप्त कर दी है। मध्यप्रदेश नर्सिंग काउंसिल ने नए सत्र की मान्यता प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी कॉलेजों को अब विधिवत आवेदन प्रस्तुत कर मान्यता के लिए पुनः प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिस पर आवश्यक जांच के बाद निर्णय लिया जाएगा।

मदद | प्रधानमंत्री राहत कोष योजना के तहत 3,00,000 की सहायता राशि प्राप्त

अप्लास्टिक एनीमिया के मरीजों को पीएम राहत कोष से 3 लाख तक की मदद, करें आवेदन

इंदौर/नवप्रदेश। अप्लास्टिक एनीमिया कैंसर से भी ज्यादा खतरनाक, घातक और खर्चीली बोन मैरो की समस्या है। इसमें मरीज को बार-बार रक्त और प्लेटलेट्स चढ़ाने पड़ते हैं। इसकी दवाइयां महंगी होती हैं, इलाज लंबा चलता है और कई बार तो बोन मैरो ट्रांसप्लांट की ज़रूरत पड़ती है। इसके इलाज में अब सरकार भी मदद करने लगी है। प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए. के. द्विवेदी ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

लोग मानते हैं सामान्य बीमारी, खतरा नहीं भांप पाते

डॉ. द्विवेदी ने बताया कि जब लोग एनीमिया सुनते हैं, तो अक्सर यही मान लेते हैं कि यह सिर्फ आयरन अथवा विटामिन की कमी से जुड़ी समस्या है। लेकिन अप्लास्टिक एनीमिया बिल्कुल अलग और अत्यधिक गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर का बोन मैरो खून बनाना बंद कर देता है, साथ ही वह रक्त कणिकाओं को नष्ट भी करने लगता है जिसके कारण यह स्थिति इतनी गंभीर होती है कि समय पर इलाज न हो तो मरीज की जान तक जा सकती है। डॉ. द्विवेदी ने जब मरीज़ों की यह पीड़ा सुनी, तो उन्होंने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखे ताकि सरकार इस बीमारी को गंभीरता से ले और मरीजों की मदद के लिए आगे आएं। उनकी इस पहल का असर दिखा। उन्होंने प्रेस वार्ता में एक पत्र पढ़ा, जो प्रधानमंत्री ने एक अप्लास्टिक एनीमिया के मरीज को भेजा है, और जिसमें उन्हें प्रधानमंत्री राहत कोष योजना के तहत 3,00,000 की सहायता राशि प्राप्त हुई है। यह पत्र उनके लिए प्रेरणा बना और अब वे चाहते हैं कि और भी लोग जागरूक हों और इस योजना का लाभ उठाएं।

मरीजों को मदद करे सरकार

डॉ. द्विवेदी का कहना है अगर सरकार कैंसर, किडनी और हार्ट जैसे रोगियों को विशेष ध्यान देती है और इलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करती है, तो अप्लास्टिक एनीमिया को भी उसी श्रेणी में लाना चाहिए। यह बीमारी भी उतनी ही जानलेवा और खतरनाक है, तथा इसका इलाज भी उतना ही अधिक खर्चीला है।

बीमारी की जड़ और अनजानी बातें

यह जानकर हैरानी होती है कि ज्यादातर अप्लास्टिक एनीमिया के मामलों में यह पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह बीमारी क्यों हुई। कुछ लोगों में यह डेंगू या अन्य वायरस जैसे हेपेटाइटिस या एपस्टीन-बार वायरस, कुछ दवाइयों या ज़हरीले केमिकल्स के कारण हो सकता है लेकिन ज़्यादातर मरीज़ों में यह बीमारी अचानक और बिना किसी चेतावनी के सामने आती है।

कैंसर से भी गंभीर बीमारी

बहुत कम लोग जानते हैं कि यह बीमारी कैंसर से भी अधिक गंभीर होती है, पर इसका नाम ज़्यादातर लोगों को पता नहीं होता। इसके इलाज में भी लगभग वही दवाइयां दी जाती हैं जो कैंसर के मरीज़ों को मिलती हैं, जैसे एटीजी और सायक्लोस्पोरीन। कई लोग इसे सामान्य खून की कमी समझकर आयरन की गोलियां या घरेलू तरीके अपनाते हैं, लेकिन ये इस बीमारी में बिल्कुल काम नहीं करते और कभी-कभी नुकसान भी कर सकते हैं। अप्लास्टिक एनीमिया का स्थायी इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट ही हो सकता है, लेकिन इसके लिए ॥ß (ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन) का मेल मिलना बहुत मुश्किल होता है खासकर भारत जैसे देश में, जहां बोन मैरो डोनेशन के बारे में जानकारी बहुत कम है।

सुनो भाई उधो

बटकी मं बासी चुटकी मं नून

परमानंद वर्मा

बटकी मं बासी चुटकी मं नून
मयं गावत हौंददरिया
गोईं तंय कान दे के सुन
चना के दार राजा
चना के दार रानी
चना के दार गोंदली
कड़कत हे ना
टूरा हे परबुधिया होटल मं
भजिया धड़कत हे ना। – **शेख हुसैन**

सन् उन्नीस सौ अस्सी-पचियासी दसक के बाद शेख हुसैन के गाये ददरिया आकाशवाणी, सीडी के सेट के ओ जमाना रिहिस तेमा हर गांव,हर शहर अउ गली-गली मं धूम मचाये रिहिसे। पहिली तो का गांव,का शहर जम्मो जघा नाचा होवय तेमा घलो इही ददरिया जब बजय अउ गावय तब दरशक मन झूम उठय। ओ जमाना अब पहागे, गुजरगे, नंदागे। का अब वइसना गाना बजाना होवय, अउ न गीत-संगीत। मीर अली 'मीर' साहेब ठीक कहिथे-

नंदा जही का रे नंदा जही का
जम्मो जुन्ना जिनिस नंदा जही का
बइला-भइसा गाड़ी नंदागे
नांग अउ नांगर जोतइया नंदागे
हुर्रा,कोलिहा, बिलई, मुसुआ
सांप, बिच्छी,टेटका, मेचका नंदागे
बटकी, कटोरा के बासी नंदागे
लिमऊ, आमा के अथान नंदागे
अर्र-र रा, त-त ता सबो नंदागे।

सिरतोन तो आय, बासी नंदागे, कहूं-कहूं, कोनो-कोनो खात होवत होही भले फेर छत्तीसगढ़िया के सबले बड़े आहार बासी राहय। बिहनिया ले खेत-खार, काम-बूता कहूं जाना राहय, टठिया नइते कटोरा भर बासी, आमी के अथान नइते लिमऊ के चटनी मं झड़कतीन, कोनो साग-सब्जी के जरूरत नइ परय। अब तो टठिया अउ कटोरा घला नंदागे। पहिली गांव-गांव कसेर आवय बइला गाड़ी धर के बरतन बेचे बर। ओ सब नंदागे, नवा जमाना, नवा चाल-चलन सब कोराबार, कला, संस्कृति, भासा, बोली, रीति-रिविजा, संस्कार, आचार-विचार बेवहार सब बदलगे, नंदागे।

अब कोनो नइ खावय बासी, गरम-गरम रोटी सेंकवही, नइते होटल मं जाके नाश्ता-पानी झड़क के अब काम-बूता मं लग जथे। बासी के महिमा अपार हे, कोनो ला बताबे तब हांस देथे, मजाक उड़ावत कहिथे- तोर जमाना गुजरगे बबा, अब कोनो नइ सुंघय बासी ला? पूड़ी-सब्जी, समोसा, जलेबी, आलूगुंडा, भजिया खाले अउ डकारत निकलथे काम मं।

अब आज के मूरख मनखे मन ला कोने समझावय- अतेक घाम हा चिलचिलावत हे, चालीस-पैंतालिस के पारा चढ़गे हे घाम हा, चूल्हा अउ गोरसी मं जइसे भुंजबे भाटा, कांदा ला तइसने कस बाप रे याहा गरमी उफ्नत हे मनखे मन ला। सब ला लू धरत जात हे, परान नइ बाचय तइसने कस ये तन हा लागत हे। जउन ला लू अउ गरमी ले बचना है तेकर मन बर बासी रामबान दवा हे। पहिली के सियान मन संझा-बिहनिया बासी खाय, मंझनिया के भात ला घला पानी मं बोर (डाल) के रखय, ओला बोरे बासी काहय। एकर संग मं कहूं दही मही होगे तहां ले झन पूछ, शरीर के जम्मो गरमी उतर जथे। एला महुआ के दवई लगय न दारू। फेर का कहिबे जउन रामबान दवा हे, तेला भुलावत, छोड़त जात हे। धीरे-धीरे करके नंदा जही बासी खवई हा। भला होवय गांव वाले मन के जउन अपन जुन्ना आहार ला भुलाय अउ छोड़े नइहे। अंकुरित ला छोड़ के जउन जहर कोती दंउड़ही तेकर मन तो बिंदरा बिनास एक दिन होबे करही, ये जाने बात हे।

बासी खाय ले तन शांत होथे, मन शांत होथे। जब तन अउ मन दूनो शांत हे तब कोनो अलकरहा अउ अजराइत जइसे काम नइ होवय। आज तो अतेक कुरीति, अनीति, अनियाव अउ कदाचरण झपागे हे ते सुनबे ततके मं जहर खाके मर जथे, ये दिन देखे ले नइ मिलतिस अइसे सब सोचे ले धर ले हे। काबर अइसे होवत हे, का कारण हे, सब जानते हे, फेर बोल नइ सकत हे। अतेक डर, अतेक भय, अतेक आतंक काबर? कोने बगरावत हे अनीति, अनियाय अउ कदाचरण? पहिली तो सब कोती शांति रिहिसे, सब सुखी रिहिन हे, अभी अइसे का होगे? सोझ रस्दा ला छोड़के पइडगरी कोती रेंगही तेकर पांव मं कांटा तो गड़बे करही?

गरीबी

प्रिया देवांगन

विनी और बिट्टू दोनों भाई-बहन मैले-कुचैले कपड़े पहने थे। हाथों में छोटी-छोटी बोरियाँ थीं। वे कचरे बीनने जा रहे थे। कचरे के ढेर में झिल्ली, प्लास्टिक, लोहा आदि बीनते थे; और उन्हें बेचकर कर अपने खाने की व्यवस्था कर लेते थे। कभी कचरे के ढ़ेर से रोटी के टुकड़े वगैरह या खाने को कुछ मिल जाता था, उसी से पेट भर लेते थे।

बिट्टू बोला- "वनी उठो ! आज सबेरे जल्दी जाएँगे, तो हो सकता है कुछ खाने को मिल जाये। कल रात से हम भूखे हैं।"

"हाँ भैया, मुझे तो रात को भूख के मारे बिल्कुल भी नींद नहीं आयी।" विनी बोली।

रास्ते में एक आदमी अपने कुत्ते जैली को लेकर मॉर्निंग वॉक कर रहा था। वह कुत्ते को बिस्किट खिला रहा था। आगे-आगे कुत्ता और पीछे-पीछे आदमी।उसके पीछे थे दोनों भाई-बहन- बिट्टू और विनी। दोनों देख रहे थे; कुत्ता बिस्किट्स को नहीं खा रहा था। वह रास्ते में ही गिरा देता था। गिरि हुई बिस्किट को कभी विनी तुरन्त उठा लेती थी; तो कभी बिट्टू उठा लेता। बिस्किट पाकर दोनों खुश हो जाते थे। "आज भूख थोड़ी शांत हुई भैया।" विनी बोली।

"हाँ विनी, हम रोज ऐसे ही सबेरे जल्दी आया करेंगे। ऐसे ही खाने को हमें रोज मिल सकता है।" तभी अचानक उस आदमी ने पीछे मुँड़ कर देखा कि जैली की गिरी हुई बिस्किट्स दोनों बच्चों के हाथों में है। उसने तुरंत दोनों को बिस्किट के टुकड़े नीचे फेंकने को कहा। बच्चे डर गए। फिर दोनों ने बड़े मायूस हो कर बिस्किट के टुकड़े नीचे फेंक दिए।

"यह कुत्तों के खाने की बिस्किट्स है; इंसानो के लिए नहीं।"कहते हुए उस आदमी ने सारे बिस्किट्स जैली को जबरदस्ती खिला दिया।

एक-दूसरे के चेहरे देख कर विनी और बिट्टू की आँखें भर आईं। दोनों भाई-बहन भारी मन से घर लौट रहे थे।

छत्तीसगढ़ की सामाजिक-पारंपरिक त्योहार अक्ति

भारत में सनातन धर्म के अनुसार कई तीज त्यौहार मनाया जाता है। अक्षय तृतीया के मौके पर परंपरागत रूप से सोना-चांदी, कार-बाइक, इलेक्ट्रानिक उत्पाद और कपड़े की खरीदारी देशभर में की जाती है. इस दिन छत्तीसगढ़ में मनाए जाने वाले अक्ती तिहार के लिए गुड्डे-गुड़ियों का भी बाज़ार सजकर तैयार है।

संस्कृत भाषा में, 'अक्षय' शब्द का अर्थ है 'कभी कम न होने वाला'. ऐसा माना जाता है कि यज्ञ, हवन, दान और जप का लाभ व्यक्ति के साथ हमेशा बना रहता है। ऐसा कहा जाता है कि जो जोड़े अक्षय तृतीया के दिन शादी करते हैं उन्हें अनंत समृद्धि और एक साथ रहने का आशीर्वाद मिलता है.। ऐसा इसलिए है क्योंकि सूर्य और चंद्रमा अपने सबसे उज्ज्वल चरण में रहते हैं और ज्योतिषियों के अनुसार इस दिन किसी भी शुभ मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है।

क्या है मान्यता

पिछले 10-12 साल से गुड्डा-गुड़ियां बेचने वाली मीना ने बताया छत्तीसगढ़ में अक्ति तिहार के दिन भगवान शिव और पार्वती का विवाह हुआ था. इसलिए इस दिन गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचाई जाती है. बाजार में पुराने दिनों की अपेक्षा भीड़ कम है. छत्तीसगढ़ की संस्कृति की छटा कहीं न कहीं फीकी पड़ रही है। हिन्दू धर्म के अनुसार अक्षय तृतीया विवाह के लिए शुभ दिन माना गया है। इस दिन किसी भी शुभ कार्य या विवाह के लिए मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है। इस दिन गांव-गांव व शहर में भारी संख्या में शादी होती है. इस पर्व को छत्तीसगढ़ में अक्ती पर्व के नाम से जाना जाता है। एक ओर जोड़े विवाह के बंधन में बधेंगे वहीं शादी के बंधन से अंजान बच्चे पूरे रीति रिवाज के साथ मिट्टी के बने गुड्डे-गुड्डियों का पारंपरिक ब्याह रचाएंगे।

गुड्डे-गुड़ियों की रचाई जाती है शादी

छत्तीसगढ़ में मान्यता के अनुसार बच्चे गुड्डे-गुड़ियों की शादी कर पर्व को हर्षोंउल्लास के साथ मनाते हैं. इसे लेकर प्रदेश में अलग ही धूम रहती है. अक्ती यानी अक्षय तृतीया के दिन बच्चे मिट्टी से बने गुड्डे- गुड़ियों अर्थात पुतरा-पुतरी का ब्याह रचाते हैं। कल जिन बच्चों को ब्याह कर जीवन में प्रवेश करना है, वे परंपरा को इसी तरह आत्मसात करते हैं। बच्चे, बुजुर्ग बनकर पूरी तन्मयता के साथ अपनी मिट्टी से बने बच्चों का ब्याह रचाते हैं. इसी तरह वे बड़े हो जाते है और अपनी शादी के दिन बचपन की यादों को संजोए हुए अक्ती के दिन मंडप में बैठते है। अक्ती के दिन महामुहूर्त होता है। बिना पोथी-पतरा देखे इस दिन शादियां होती हैं। एक दक्षिण भारतीय कथा के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन देवी मधुरा ने भगवान शिव के अवतार सुंदरेश से विवाह किया था। इस प्रकार, इस दिन शादी करने वाले सभी जोड़ों को देवताओं द्वारा शाश्वत प्रेम का आशीर्वाद दिया जाता है।

अक्षय तृतीया का महत्व

अक्षय तृतीया हर साल वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाते हैं। इसे अखा तीज और युगादि तिथि के नाम से भी जाना जाता है। अक्षय तृतीया पर खरीदारी और दान पुण्य का बड़ा ही महत्व है। शास्त्रों के अनुसार अक्षय तृतीया पर किया गया दान पुण्य और शुभ कर्म का फ्ल जन्म जन्मांतर तक मिलता है। ऐसी कथा है कि अक्षय तृतीया के पुण्य से ही एक गरीब वैश्य अगले जन्म में राजा और फिर चंद्रगुप्त विक्रमादित्य हुआ। अक्षय तृतीया पर कोई शुभ काम काम का आरंभ भी शुभ फ्लदायी होता है। इस दिन भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा विशेष रूप से फ्लदायी मानी गई है। इस दिन नमक और जल से भरे हुए घड़े का दान करना बड़ा ही शुभ माना गया है। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का बडा ही महत्व है।

सोने की खरीदारी का महत्व

आजकल अक्षय तृतीया पर सोना खरीदने का चलन बढ़ गया है। लोग इस धारणा से स्वर्ण खरीदते हैं कि धन और संपत्ति में वृद्धि होगी। दरअसल ऐसा माना जाने लगा है कि इस दिन सोना खरीदने पर धन का क्षय नहीं होता है बल्कि धन में वृद्धि होगी। लेकिन इस दिन सोना खरीदने से ज्यादा सोना दान करने और धारण करने का महत्व है।

मातंगी का अवतार

अक्षय तृतीया का हिंदू धर्म में इसलिए भी बड़ा महत्व है कि इस दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुरामजी का जन्म हुआ था। साथ ही दस महाविद्याओं में एक नौवीं महाविद्या मातंगी देवी का अवतार भी अक्षय तृतीया पर माना जाता है। भगवान नर नारायण और हयग्रीव भगवान की जयंती भी अक्षय तृतीया को मनाई जाती है। अक्षय तृतीया के दिन से चार धाम की यात्रा भी शुरू हो जाती है और इस दिन गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुल जाते हैं।

व्यंग्य रचना : पांच सितारा मुक्तिधाम

डॉ. किशोर अग्रवाल

सेठ बनवारी लाल छोटे-मोटे सेठ न थे ,खानदानी रईस थे। उनको आम लोगों में जाने से सख्त परहेज था। रईसी उनके ऊपर जंचती भी थी और टपकती भी थी ।

उन्हें आज सेठ गिरधारी लाल की अंत्येष्टि में मजबूरी में जाना पड़ गया । जनसाधारण की भीड़ बहुत थी। श्मशान में और आम लोग भी मुर्दे फूंकने आए थे ,तो उनके परिजन भी वहां आने ही थे। श्मशान में सब एक हैं इस तर्ज पर अपने-अपने मुर्दों को चिता पर चढ़ाकर उनके नियर एंड डियर सभी उपलब्ध बैंचों और चबूतरो पर बैठकर कपाल क्रिया की प्रतीक्षा कर रहे थे। द्वारिका दास बनवारी लाल दोनों मित्र साथ साथ खड़े थे और दोनों के साझा मित्र गिरधारी लाल चिता पर धरे थे ।

बनवारी लाल ने कहा" द्वारकादास हम उम्र के उसे मोड पर हैं कि धीरे-धीरे सब जा रहे हैं ।। संबंधों को निभाने ऐसी शव यात्राओं में आना ही है, पर यह क्या कि हमारे पैसों की यहां कोई कदर ही नहीं जिसे देखो वह मुंह खोंसे चढ़ा आता है ।"

"अब क्या करें बनवारी यहीं सब हार जाते हैं, जैसा सेठ मरा वैसा ही नौकर । यहां सब एक ही है। यहां सवा मन लकड़ी पर लिटाना ही तो है ।" द्वारका दास ने निःश्वास लेकर कहा।

"मैं वही कह रहा हूं द्वारका कि हमें अपना अलग मुक्तिधाम बनाना चाहिए जहां फालतू लोग ना आ सकें। जिसमें सारी सुविधाएं भी हों। इसके लिए चैंबर की बैठक बुलाओ।"

बैठक बुला ली गई। चेंबर की बैठक के एजेंडा में आज मुक्तिधाम बनाना ही मुख्य विषय था । इसके लिए नगर सेठ चौथमल जी ने तीन एकड़ का अपना एक खेत दान स्वरूप देने की घोषणा कर दी जो शहर से लगकर ही था । यह जमीन उन्हें एक किसान को दिए कर्ज के ना चुकाने के कारण मिली थी। चर्चा हुई कि मुक्तिधाम कैसे बने और उसका संचालन कैसे किया जाए? सबने असुविधाएं गिनाना शुरू किया ,शमशान में बैठने को साफसुथरी जगह ही नही रहती, एक चिता पर सेठ और दूसरे पर रिक्शा पूलर का अंतिम संस्कार साथ ही होते समय जेंट्री खराब हो जाती है। श्मशान में आवारा पशुओं कुत्ते और बकरियों की भी आवाजाही बहुत तादात में थी । लकड़ी ठेकेदार पता नहीं कहां-कहां से आम, पीपल और बबूल के वर्जित काष्ठ के मोटे लक्कड़ दे देता है । तय किया गया कि दान में प्राप्त भूमि पर एक सर्व सुविधा युक्त वातानुकूलित मुक्तिधाम का निर्माण किया जाए । एक सेठ जी के युवा पुत्र ने आईआईएम से एमबीए किया था उसने इस निर्माण व अन्य सेवाओं की योजनाएं योजना प्रस्तुत की ।

उसने बताया कि मुक्तिधाम के अपने चार वातानुकूलित स्वर्गयान के नाम से वाहन होंगे। मृत्यु की सूचना देने के साथ पचास हजार रुपयों की राशि मुक्तिधाम के खाते में मृतक का परिवार डालेगा। सूचना मिलने पर ओटीपी भेजकर सूचना की सत्यता कंफर्म की जाएगी । कंप्यूटर सामाजिक ग्रुप में इस मृत्यु के मैसेज भेजने के साथ-साथ पंजीकृत पंडित, नाई ,डोम ,मलाई कट्टा ब्राह्मण व अरथी विभाग के कर्मचारियों को मैसेज दे देगा। तैयारशुदा अरथी लेकर स्वर्गयान संबंधित के घर अर्थी उठाने वाले स्वयंसेवकों और रुदालियों सहित पहुंचेगा। यह दोनों सुविधाएं ऐच्छिक होंगी । यदि सेठ लोग खुद अरथी उठाना चाहेंगे तो स्वयंसेवक छोड़ दिए जाएंगे । मृतक का परिवार छोटा हो या रोने का अभ्यास न हो तो रुदालियों की सेवा ली जा सकेगी। रुदालियों का गेट अप राजस्थानी रुदालियों जैसा रहेगा। शव को नहलाने , अर्थी पर रखकर बांधने और शववाहन तक लाने वाला दल वाहन के साथ रहेगा । परिवारजन भी चाहे तो अर्थी को कांधा दे सकेंगे ।

दूरस्थ रिश्तेदार व आत्मियों को इस अवसर का लाइव वीडियो दिखाने का प्रबंध किया जाएगा ताकि अंतिम संस्कार के ऊबाउ काम में आए बिना भी वे शामिल रह सकें। स्वर्गयान में पंडित ,नाई, कोई एक रिश्तेदार के मृतक के साथ बैठने की लग्जरी चेयर्स की व्यवस्था रहेगी। रिश्तेदार व मित्र अपनी-अपनी कारों से श्मशान आएंगे । मुनीम व नौकर चाकरों के लिए एक बस साथ चलेगी । मुक्तिधाम में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। शव को वातानुकूलित स्वर्गधाम के भीतर चेंबर में रखा जाएगा और अर्थी हटा दी जाएगी । स्वर्ग धाम में भक्ति और मुक्ति के गीत या भजन बजते रहेंगे । सभी श्रद्धालुओं के पहुंच जाने तक आराम से सोफों पर बैठने की व्यवस्था रखी जाएगी। शुद्ध मिनरल वाटर भी रखा जाएगा और वाई-फाई की सुविधा भी होगी। जरूरी फोन कॉल्स के लिए साउंड प्रूफ चैंबर भी अटैच होगा ।

वेटिंग हॉल में रीक्लाइनर चेयर्स व मसाज चेयर्स भी रखी जाएंगी । दाह संस्कार ऑटोमेटिक विद्युत फर्नेस में किया जाएगा। चैंबर से फर्नेश तक शव कन्वेयर बेल्ट पर चलकर जाएगा। इस बीच ब्राह्मण सारे संस्कार पूरे करा देगा । दाह संस्कार के बाद बची राख व अस्थियां नजदीकी रिश्तेदार से स्पर्श कराकर शील्ड वाटरप्रूफ वेदर प्रूफ पैकेट में प्रयागराज पंडा जी के पास कोरियर कर दी जाएंगी। जिनसे टाई अप रखा जावेगा कि वह ऐसा पैकेट प्राप्त होने पर स्वयं ही उसका गंगा विसर्जन कर इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग जजमान की वेबसाइट पर अपलोड कर दें ।

जयपुर और अहमदाबाद में तो घर पहुंच सेवा वाला श्मशान भी शुरू कर दिया गया है और उनकी देखरेख बहुत अच्छी है उनकी फ्रेंचाइजी इस आधुनिक मुक्ति धाम में ले ली जाएगी।

शव को चंदन लकड़ी में दाह करने की इच्छुक व्यक्ति अतिरिक्त व्यय कर चंदन चिता की सेवा भी ले सकेंगे । जिनके पुत्र पुत्रियां विदेश में है और दाह संस्कार में नहीं आ सकते वे प्रीरजिस्ट्रेशन कराकर अग्रिम जमा कर सकेंगे और उनके बिना भी समाज के लोग आराम से दाह संस्कार संपन्न करा सकेंगे । जो लोग धार्मिक रीति रिवाज अधिक मानना चाहेंगे तो उनके लिए श्मशान भूमि से लगे तालाब के किनारे अस्थिघट लटकाने , पिंड पूजा , ब्राह्मणों को खिलाने, बाल कटवाने की ऐच्छिक वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाएगी । वे इस पूजन के बाद पैकेट वापस प्रयागराज भेजने हेतु जमा करा देंगे। इस दौरान कमेटी द्वारा एप्वाइंट किए गए ब्राह्मण, नाई ,धोबी अपनी सेवाएं देंगे, व गरुड़ पुराण का पाठ भी करा देंगे । दसगात्र, गोदान , बारहवां आदि की व्यवस्था भी कमेटी द्वारा की जाएगी। कोई यदि फार्म हाउस वगैरह दूरस्थ क्षेत्र में देह त्याग दे तो वहां जाकर दाह करने हेतु एक मोबाइल शवदाहवाहन भी रखा जावेगा । मृतक भोज के लिए अच्छे कैटरर डेकोरेटर की सुविधा भी कमेटी उपलब्ध करावेगी । वार्षिक श्राद्ध एवं तर्पण तक की व्यवस्था कर दी जावेगी। सारा इंतजाम चकाचक 5 स्टार वाला होगा। फालतू फंड के लोगों का प्रवेश निषेध होगा । जो सदस्य होंगे उनको ही शवदाह की अनुमति होगी । निर्माण के लिए कैपिटेशन फीस न्यूनतम पांच लाख रुपिये होगी। बाकी सदस्यों की दानशीलता पर निर्भर करेगा कि वह दिल खोलकर अपने पुरखों की याद में कितनी राशि इस मद में देते हैं । बनवारी लाल जी को आश्वस्ति हुई ,उन्होंने द्वारकादास जी से कहा "ईब म्हारे शांति पड़ी। पीसो कमाणों किस काम को अगर मरते समय भी काम कोनी आयो।"

QUIZ TIME

1) एचडीएफसी बैंक की स्थापना कब हुई?

2) भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान कहाँ है?

3) निगम कर किस प्रकार का कर है?

4) त्रिपुरा का सबसे बड़ा उद्योग कौन सा है?

5) 1 मार्च 2025 को किसका पी ओ एल जी माइटोकॉन्ड्रियल बीमारी से निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1994 (2) बेंगलुरु (3) प्रत्यक्ष कर (4) हथकरघा (5) डेनमार्क के 22 वर्षीय राजकुमार फ्रेडरिक

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 029 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्ब			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

आज का पंचांग

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मीन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध मीन (उदित, पूर्व , मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

सूर्योदय : 05:57, सूर्यास्त : 18:52, चन्द्रोदय : 29:15, चन्द्रास्त : 18:26, अयन : उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम 2082 (कालयुक्त), युगाब्द (कलि संवत)5127, मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी (08:27 से चतुर्दशी),तिथि : अमावस्या, नक्षत्र : रेवती, योग : प्रीति, प्रथम करण : वणिज (08:27 तक), द्वितीय करण : विष्टि भद्रा (18:40 तक), तृतीय करण : शकुनि (28:49+ तक)।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त :11:59 से 12:51, अमृत काल : 25:31+ से 26:56+, विजय मुहूर्त : 14:34 से 15:26, गोधूलि मुहूर्त : 18:51 से 19:13, सायाह्न सन्ध्या : 18:52 से 19:59, निशिता मुहूर्त : 24:02+ से 24:47+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:29+ से 29:13+, राहुकाल : 16:30 से 18:00, गुलिक काल : 05:57 से 07:34, यमगण्ड : 14:02 से 15:39, दुर्मुहूर्त : 05:57 से 06:49, वर्ज्य : 17:03 से 18:28, भद्रा : 08:27 से 18:40।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी किसी बात से आपके भाई नाराज हो सकते हैं।

वृषः आज का दिन आपके लिए लाभ लाभ वाला रहेगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को पुराने शेयरों से अच्छा लाभ मिलेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके खर्चों से भरा रहेगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याओं को लेकर अपने सीनियर से बातचीत कर सकते हैं।

सिंहः आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

कन्याः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। जीवनसाथी की आपसे किसी बात को लेकर बहस होने की संभावना है।

तुलाः आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपका कोई विवाद संपत्ति को लेकर चल रहा था।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा, क्योंकि आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ न मिलने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

धनु : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

मकरः आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

कुंभः आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी कहीं बाहर जाकर पढ़ने की इच्छा पूरी हो सकती हैं।

मीनः आज का दिन आपके लिए कुछ कठिनाइयों भरा रहेगा। आप अपने बिजनेस को लेकर भी कुछ उतार-चढ़ाव महसूस करेंगे।

सांसद निधि जनहित में खर्च कराने में सांसद बृजमोहन अग्रवाल अव्वल

राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय सबसे पीछे

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के लोकसभा सांसदों में सांसद निधि खर्च करने में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सबसे आगे हैं। अग्रवाल ने सांसद बनने के बाद 69 कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपए की अनुशंसा की है। इनके मुकाबले राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय सबसे पीछे हैं। उन्होंने 14 कामों के लिए अब तक सिर्फ 76 लाख 49 हजार रुपए की मंजूरी दी है।

आंकड़े बताते हैं कि रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने 72 कार्यों के लिए 4 करोड़ 89 लाख, दुर्ग सांसद विजय बघेल ने 61 कार्यों के लिए 1 करोड़ 81 लाख, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने 134 कार्यों के लिए 4 करोड़ 54 लाख, कांकेर सांसद भोजराज नाग ने 55 कार्यों के लिए 3 करोड़ 97 लाख, जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े ने 61 कार्यों के लिए 4 करोड़ 83 लाख, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने 66 कार्यों के लिए 3 करोड़ 47 लाख, बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने 72 कार्यों के लिए 4 करोड़ 89 लाख, बस्तर सांसद महेश कश्यप ने 86 कार्यों के लिए 4 करोड़ 48 लाख एवं सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज ने 149 कार्यों के लिए 4 करोड़ 60 हजार रुपए की स्वीकृति दी है।

राज्यसभा सांसदों में देवेंद्र ने खाता ही नहीं खोला

राज्यसमा सांसदों में भी छत्तीसगढ़ में सांसद निधि की राशि खर्च करने में फूलोदेवी नेताम सबसे आगे हैं। उन्होंने अब तक 154 कार्यों के लिए 16 करोड़ 50 लाख से अधिक राशि खर्च किया है। इनकी तुलना में सांसद केटीएस तुलसी ने 201 कार्यों के लिए 13 करोड़ 18 लाख 87 हजार रुपए, सांसद रंजीत रंजन ने 193 कार्यों पर 14 करोड़ 47 लाख 56 हजार रुपए, राजीव शुक्ला ने 2 कार्य पर 5 करोड़ 70 लाख रुपए राशि खर्च की है। राज्यसभा सांसद में देवप्रताप सिंह राशि खर्च करने में पीछे हैं। उन्होंने अब तक कोई भी कार्य को स्वीकृति नहीं दी है, जिसके कारण सांसद निधि का एक पैसा भी खर्च नहीं हुआ है। सांसदों का यह पूरा आंकड़ा एमपीलैड्स पोर्टल के अनुसार है।

107.80 करोड़ में 43.28 करोड़ ही खर्च

प्रदेश के लोकसभा सांसदों को केंद्र द्वारा कुल 107.80 करोड़ रुपए का फंड जारी किया गया है। इसके एवज में अब तक मात्र 43.28 करोड़ रुपए ही खर्च किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री से सांसद मनोज तिवारी ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के लोकसभा सांसद श्री मनोज तिवारी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर श्री तिवारी का पारंपरिक शाल ओढ़ाकर तथा छत्तीसगढ़ की विशिष्ट बेलमेटल कला से निर्मित नंदी की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय और सांसद मनोज तिवारी के बीच छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक संस्कृति और राज्य में उभरते फिल्म उद्योग सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री तिवारी को राज्य सरकार द्वारा लोककला के संरक्षण, संवर्धन तथा फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में फिल्म सिटी की स्थापना की दिशा में उठाए जा रहे कदमों से भी अवगत कराया। सांसद मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री साय द्वारा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और लोक धरोहरों को राष्ट्रीय पटल पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी प्रशंसा की।

पहलगाम आतंकी हमला: खारून गंगा महाआरती में दी गई श्रद्धांजलि

न्याय की मांग से गूंज उठा रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर का महादेव घाट सोमवार की शाम शोक, श्रद्धा और एकता का प्रतीक बन गया, जब पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए खारून गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। सैकड़ों नहीं, हजारों लोगों की मौजूदगी ने ये साफकर दिया कि भारतवासी आतंक के खिलाफएकजुट हैं, और न्याय की पुकार अब हर कोने से उठ रही है।हाथों में तख्तियां लिए, आँखों में आँसू और दिल में आक्रोश लिए लोग घाट पर एकत्रित हुए। तख्तियों पर लिखे नारे आतंक का जवाब चाहिए मासूमों का खून नहीं जाएगा व्यर्थ, भारत झुकेगा नहीं माहौल को भावुक बना रहे थे।विशेष पूजन और सामूहिक मौन के साथ महाआरती की गई। हर दीपक, हर मंत्र और हर आह्वान, उन मासूमों को समर्पित था जो इस नृशंस हमले का शिकार बने। अर्चकों द्वारा विशेष पूजा कर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई, और फिर मां खारून गंगा से प्रार्थना की गई कि देश के सैनिकों को शक्ति और साहस मिले, ताकि वे हर आतंकी ताकत का मुकाबला कर सकें।दीपदान करते समय घाट का हर कोना रोशनी से जगमगा उठा जैसे पूरा शहर यह कहना चाह रहा हो कि ÷अंधेरा चाहे जितना भी गहरा हो, दीयों की लौ बुझाई नहीं जा सकती।भीड़ में मौजूद लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और खुलकर मांग की कि जो आतंकी इस जघन्य अपराध में शामिल हैं, उन्हें सिर्फसजा नहीं, बल्कि सबक सिखाया जाना चाहिए। ताकि आगे कोई मासूम जान ना जाए।÷मां खारून गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति÷ की ओर से सरकार से मांग की गई कि पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को न्याय दिलाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

अब वापसी के अल्टीमेटम से डरे, 4 पाकिस्तानियों की वापसी

प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों में मची अफरा-तफरी

रायपुर/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले बाद केंद्र सरकार पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है. केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे यानी कि दो दिन के भीतर भारत देश छोड़ने का फरमान जारी किया है. इस आदेश के बाद रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में पाकिस्तानी नागरिकों में अफरा-तफरी मच गई है।

हजारों पाकिस्तानी नागरिक रायपुर समेत पूरे प्रदेश में रह रहे हैं, जिसमें ज्यादातर हिंदू नागरिक हैं, जिन्हें भारत छोड़कर जाने में तकलीफ महसूस हो रही है। लेकिन सरकार के सख्त निर्देशों का पालन करते हुए अधिकारियों ने सभी नागरिकों को देश छोड़ने की हिदायत दी है. जानकारी ये भी सामने आ रही है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों ने रायपुर समेत प्रदेशभर में संपत्ति खरीदकर बस चुके हैं, जिनके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

हाल में आए चार पाक नागरिक वापस लौटे- सामाजिक कार्यों के लिए पाकिस्तान से तीन मुस्लिम महिलाएं समेत चार नागरिक रायपुर आए थे, जिनमें महिला समेत सभी लोग वापस पाकिस्तान लौट गए हैं, जिनकी जानकारी सूत्रों से पाई गई है. हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से पाकिस्तानी नागरिकों के नाम को उजागर नहीं किया गया है, लेकिन उन पर और उनसे जुड़े अन्य लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

रायपुर समेत अन्य जिलों में बना लिया घर-जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान से आए कई नागरिकों ने प्रदेशभर में जमीन और घरों को खरीदकर अपनी संपत्ति बना ली है. रायपुर के आर. सद्दू, विधानसभा, महावीर नगर, बोरियाकला और माना रोड पर अपना घर बना लिया है।

पाकिस्तानी हिंदुओं ने डिप्टी सीएम शर्मा से लगाई गुहार

पहलगाम हमले के बाद भारत की शरण लेने आए करीब 125 पाकिस्तानी हिंदुओं का जीवन अधर पर लटक रहा है. वे 22 अप्रैल को सिंध से भारत आए, इसी बीच सरकार ने पाकिस्तानियों को 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ने का आदेश जारी कर दिया. पाकिस्तानी हिंदुओं ने अब छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम शर्मा से मुलाकात कर मदद की गुहार लगाई है.रायपुर पहुंचे पाकिस्तानी हिंदुओं के एक समूह ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी परेशानियां बताई और मदद की गुहार लगाई है. जिसके बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने उन्हें यह आश्वासन दिया है कि वे इन्हें आम पाकिस्तानी नागरिक नहीं, बल्कि पाकिस्तान पीडित मानते हैं और केंद्र सरकार से इनके स्थायी समाधान के लिए बात करेंगे.

डॉक्टरों को बेहतर इलाज के दिए निर्देश

भरत वर्मा से मिलने अस्पताल पहुंचे गृहमंत्री और सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव राजधानी के एमएमआई नारायणा अस्पताल पहुंचे, यहां उन्होंने महामंत्री भरत वर्मा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. साथ ही डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए. इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा से मुलाकात के बाद प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि आज उन्होंने भरत वर्मा से भेंट कर उनका हालचाल लिया. उन्होंने कहा कि भरत वर्मा अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और किसी भी तरह के खतरे से बाहर हैं। छत्तीसगढ़ के वन विकास निगम के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा बीते शुक्रवार की दोपहर डोंगरगढ़ में रोप-वे संचालन की प्रणाली समझने के उद्देश्य से पहुंचे थे. उनके नेतृत्व में कुदरगढ़ मंदिर में भी रोपवे लगवाने की योजना बनाई जा रही है. मंदिर ट्रस्ट के साथ मीटिंग निर्धारित थी, जिसमें कुदरगढ़ से जुड़े कुछ पदाधिकारी

भी शामिल हुए थे. लेकिन जिस तकनीक को देखने आए थे, उसी तकनीक ने उन्हें हादसे का शिकार बना दिया। जैसे ही ट्रॉली दोपहर में मंदिर से नीचे स्टेशन पर पहुंची, वह अपनी तय सीमा से आगे बढ़ गई और वहां बने अवैध चबूतरे से टकराकर पलट गई. चबूतरा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के निर्देश पर बनाया गया था, जिसकी तकनीकी स्वीकृति नहीं ली गई थी और जो रोपवे की मूल डिज़ाइन का हिस्सा ही नहीं था. इस रोपवे का नियमित संचालन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक बंद रहता है. लेकिन पैकरा की वीआईपी यात्रा को देखते हुए रोपवे को विशेष रूप से चालू किया गया, वो भी उस वक्त जब अधिकांश स्टाफ भोजन अवकाश में था। हादसे के वक्त ट्रॉली में रामसेवक पैकरा, भाजपा नेता भरत वर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, आदि।

सीएम साय ने पंडरी में स्वरा प्रतिष्ठान का किया शुभारंभ

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के पंडरी में स्वरा प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ किया और प्रतिष्ठान के संचालक को अपनी शुभकामनाएं दी। स्वरा प्रतिष्ठान में शहरवासियों को आधुनिक फैशन और डिजाइनर कपड़ों का अच्छा कलेक्शन मिलेगा।

उपअभियंता अंकिता अग्रवाल तत्काल प्रभाव से निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विष्वदीप ने सामान्य प्रषासन विभाग की ओर से आदेष जारी कर नगर पालिक निगम रायपुर के प्रधानमंत्री आवास मुख्यालय की उपअभियंता अंकिता अग्रवाल को अपने विधिक दायित्वो का निर्वहन करने में असफल रहने के कारण एवं घोर लापरवाही बरतने हेतु तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कांग्रेस की जल-जंगल-जमीन, इंद्रावती नदी बचाओ पदयात्रा स्थगित

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग को सींचने वाली इंद्रावती नदी सूखे के कगार पर है. इससे बस्तर में किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. इसे लेकर कांग्रेस आज चित्रकोट से जगदलपुर तक 3 दिवसीय जल-जंगल-जमीन बचाओ, इंद्रवती नदी बचाओ पदयात्रा करने वाली थी. लेकिन हाल ही में जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में 28 आम नागरिक मारे गए. इस घटना के चलते एआईसीसीके निर्देश पर कांग्रेस ने 27 अप्रैल तक अपनी सभी राजनीतिक और अन्य कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं।

इंद्रावती नदी पर जल संकट - इंद्रावती नदी सिर्फ एक नदी नहीं है, ये बस्तर की प्राणधारा है, ये बस्तर की सांस है. आज वही इंद्रावती नदी अपनी आखिरी सांसें गिन रही है. दो महीने से बस्तर के किसान सड़क पर हैं. धरनों पर बैठे हैं, आंदोलन कर रहे हैं. इंद्रावती में पानी लाने की गुहार लगा रहे हैं।

इंद्रावती नदी को बचाने कांग्रेस लड़ेगी बड़ी लड़ाई

बता दें, इस पदयात्रा में कांग्रेस के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता समेत भारी संख्या में बस्तर के प्रभावित किसान भी शामिल होने वाले थे. इस पदयात्रा के तीसरे दिन जगदलपुर कलेक्टर दफ्तर घेराव की योजना थी. कांग्रेस ने कहा कि इंद्रावती नदी को बचाने के लिए पार्टी आने वाले समय में बड़ी लड़ाई लड़ने को तैयार है. इसकी रूपरेखा भी जल्द तैयार की जाएगी।

पत्नी को पागल कहना पति को पड़ा भारी पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर /नवप्रदेश। पति-पत्नी या दोस्तों के बीच विवाद और उस विवाद में ये कहना कि 'तुम पागल हो क्या' एक सामान्य बोल-चाल की भाषा मानी जाती है। लेकिन ऐसे ही एक पारिवारिक विवाद के बाद अपनी पत्नी को पागल कहना एक पति को भारी पड़ गया और उसके खिलाफ पत्नी ने एफआईआर दर्ज करा दी है।

मारुति इनक्लेव सोसाइटी, टाटीबंध निवासी रवनीत कौर ने अपने पति विशालदीप सिंह और ससुर कुलदीप सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. रवनीत ने आरोप लगाया कि उनके पति और ससुर ने उनके पिता के मोबाइल पर कॉल कर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी. इस मामले में आमानाका थाना पुलिस ने धारा 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रवनीत कौर, जो एम्स रायपुर में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं, ने अपनी शिकायत में बताया कि पारिवारिक कारणों से वह 8 जनवरी 2025 से अपने पति विशालदीप सिंह से अलग रह रही हैं. वर्तमान में वह अपने माता-पिता के साथ मारुति इनक्लेव में रहती हैं. रवनीत ने बताया कि उनके पति समय-समय पर फोन और ईमेल के जरिए उन्हें परेशान करते हैं. उन्होंने अस्पताल में भी उनके बारे में दुष्प्रचार करते है।

शिकायत के अनुसार, 24 अप्रैल 2025 को रात करीब 8 बजे विशालदीप ने रवनीत के पिता के मोबाइल नंबर पर कॉल कर गालियां दीं और उनके माता-पिता सहित सभी को जान से मारने की धमकी दी. रवनीत ने बताया कि उनके पिता ने कॉल को स्पीकर पर रखा था, जिससे वह भी गालियां सुन सकीं, जो उन्हें बेहद अपमानजनक और डरावनी लगी. इस घटना से उनका परिवार भयभीत और परेशान है।

प्रार्थियां ने अपनी एफआईआर में ये भी बताया है कि उनके पति ने उन्हें मेल कर पागल कहा है. अब पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर ली है. तो यदि आप भी बोल-चाल की भाषा में कभी अपने करीबी को 'पागल' संबोधन कर बुलाते है जो जरा सावधान हो जाएं, कही ऐसा न हो कि आपके खिलाफ भी पुलिस में मामला दर्ज हो जाएं।

आयुक्त ने सरोना में कचरे के रेमीडिएशन कार्य की प्रगति को देखा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विष्वदीप ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता , स्वच्छ भारत मिषन के कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान, सहायक अभियंता योगेष कडु, सरोना रेमीडेषन कार्य के ठेकेदार एजेंसी हील ब्रो मेटेलिक प्रा.लि. के प्रतिनिधि की उपस्थिति में राजधानी के सरोना में कचरे के रेमीडिएषन कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

नगर निगम ने मेसर्स ग्रेसफूल मीडिया इंडिया प्रा. लि. को निगम कार्यो हेतु अपात्र घोषित किया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विष्वदीप के आदेषानुसार नगर निगम के भवन अनुज्ञा विभाग द्वारा मेसर्स ग्रेसफूल मीडिया इंडिया प्रा.लि. डायरेक्टर विष्वरंजन पुरोहित न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर को निगम कार्यो हेतु अपात्र (ब्लैक लिस्ट) घोषित कर दिया गया है।

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा दिनांक 22.12.2023 को प्रकाशित निविदा के अंतर्गत बी.ओ.टी. प्रणाली के तहत नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों जैसे साक्षरता चैक, अनुपम गार्डन एवं तेलीबांधा चैक पर नवीन यूनिपोल संरचनाओं की स्थापना एवं उनके माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन हेतु संस्था को कार्यादेश दिनांक 15 मार्च 2024 द्वारा प्रदत्त किया गया था। उक्त अनुबंध की तिथि 15 मार्च 2024 थी। निविदा शर्त की कंडिका क्रमांक (09) अनुसार नियत समय में 44,38,317/- (रुपये चवालीस लाख अड़तीस हजार तीन सौ सत्रह मात्र) की राशि विज्ञापन शुल्क के रूप में निगम को जमा कराना अपेक्षित था, जिसके लिए संस्था को विभिन्न कार्यालयीन पत्रों के माध्यम से समय-समय पर सूचित किया गया, तथापि उक्त राशि आज दिनांक तक अप्राप्त है।उपरोक्त के अतिरिक्त, निविदा समूह ए बी डी के शास्त्री चैक, भगतसिंह चैक, खालसा स्कूल एवं फाफाडीह चैक में 30 मिनी यूनिपोल, साक्षरता चैक, अनुपम गार्डन एवं तेलीबांधा चैक में 03 यूनिपोल बोर्ड, भगत सिंह चैक सिंचाई कॉलोनी में 01 यूनिपोल बोर्ड, आनंद नगर, तेलीबांधा एवं पंडरी में लगाये गये गेन्ट्री, स्मार्ट टॉयलेट के एवज में निर्मित यूनीपोल एवं मोवा ओवरब्रिज से अम्बुजा मॉल तक के डिवाइडर में लगे क्योस्क बोर्ड आदि में समय-सीमा में भुगतान नहीं करने तथा भुगतान हेतु दिये गये चेक बाउंस होने के कारण तथा बाउंस होने के उपरांत बारम्बार समय प्रदान करने के उपरांत भी बकाया राशि जमा नहीं करने के कारण अनुबंध निरस्त करते हुए निगम द्वारा ऐसे समस्त स्थल चिन्हित करते हुए उनकी संरचनाएँ राजसात कर ली गई हैं।

स्कूलों की मरम्मत ...

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने शिक्षा विभाग की ली बैठक

स्कूलों में पेयजल, शौचालय की समस्या के समाधान के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले के जर्जर स्कूल भवनों की सूची बना कर मरम्मत कराई जाए। जहां मरम्मत संभव नहीं है, वहां पुराने स्कूल भवनों को नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ध्वस्त कर नए भवनों का निर्माण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस समय स्कूलों की छुट्टियां हैं। इस समय स्कूलों में जो समस्याएं हैं उसका समाधान करें। जिन स्कूलों में पेयजल-रनिंग वाटर, तो कहीं पर छात्र-छात्राओं के लिए पृथक शौचालय की समस्या हो तो इसके समाधान के

लिए संबंधित स्कूल के प्राचार्य मांग पत्र भेंजे। साथ ही संबंधित एजेंसी या विभाग को निर्देश देकर इसका समाधान किया जाएगा। डॉ सिंह ने कहा कि कुछ स्कूलों में सुरक्षा संबंधित समस्याएं भी हो सकती हैं इसे चिन्हित कर समाधान करें।

उन्होंने कहा कि नया शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है, ऐसे में बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।

निगम जोन 4 में लगभग 3316 व.फी. भूखंड में व्यवसायिक अनुमति के विपरीत किये निर्माण को तोड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार नगर निगम के सभी जोनो द्वारा अवैध निर्माणों के विरूद्ध अभियान पूर्वक कार्यवाही नगर निवेषक आभाष मिश्रा एवं जोन कमिष्नरों के मार्गदर्षन में जोन नगर निवेष विभाग अभियंताओं द्वारा की गई है। जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण धुव के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह के नेतृत्व और उप अभियंता नवीन वर्मा की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध निर्माण एवं स्वीकृति विपरीत निर्माण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में आज जोन क्रमांक 04 के तहत वार्ड क्रमांक 44 स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड के तहत बांके बिहारी मंदिर के सामने रवि गोवानी एवं नीलम गोवानी द्वारा लगभग 3316 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में व्यवसायिक अनुमति के विपरीत किये गए सड़क चैड़ाई की ओर निर्माण को तोडने की कार्यवाही की गयी।

सड़क हादसे के बाद मौके पर पहुंचे जिपं अध्यक्ष, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी क्षेत्रीय भ्रमण से लौटते समय एक सड़क दुर्घटना की जानकारी मिला। यह दुर्घटना ग्राम पंचायत पालनार और फुलपाड़ के बीच स्थित मार्ग पर हुई, जहाँ दो युवक तेज गति से आ रही बाइक से झाड़ से जा टकराए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक का पैर टूट गया, जबकि दोनों की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है।

दुर्घटना को देखते ही श्री मुड़ामी ने तुरंत वाहन रुकवाकर घायलों की सहायता की और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए तत्काल अस्पताल भिजवाया। इस मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता से समय पर उपचार मिलने की संभावना बढ़ गई है।

घायलों के परिजनों से मुलाकात कर श्री मुड़ामी ने उन्हें ढांढस बंधाया और कहा, 'हिम्मत रखिए, सब ठीक हो जाएगा। ऊपरवाले पर भरोसा रखें। हम हर संभव सहायता देने के लिए तैयार हैं।'

इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि जनप्रतिनिधि न केवल योजनाओं और नीतियों के माध्यम से, बल्कि ज़रूरत के वक्त अपने कर्तव्यों का मर्म समझते हुए आम जनता के साथ खड़े रहते हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष मुड़ामी ने संग्रहणकर्ताओं से की मुलाकात

ग्रामीणों की मांग पर तेंदूपत्ता खरीदी दिवस बढ़ाने के निर्देश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भोगाम स्थित तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने संग्रहणकर्ताओं से सीधे संवाद किया। ग्रामीणों ने खरीदी दिवस बढ़ाने की मांग रखी, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए श्री मुड़ामी ने संबन्धित अधिकारियों को तेंदूपत्ता खरीदी दिवस बढ़ाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि राज्य सरकार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं संचालित कर रही है। प्रति मानक बोरा 5500 रुपए की दर से भुगतान किया जा रहा है। साथ ही, बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और शिक्षा प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें दसवीं में 75त्न से अधिक अंक लाने पर 15,000 रुपए तथा बारहवीं में 25,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

बीमा योजना के अंतर्गत सामान्य मृत्यु और दुर्घटना में सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक तेंदूपत्ता तोड़ें ताकि शासन की योजनाओं का अधिक लाभ मिल सके।

जिला पंचायत सदस्य ममता मांडवी ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।

कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य व मंडल अध्यक्ष बैसु मांडवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा सुमित भदोरिया, प्रबंधक मनोज प्रभाकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम, ग्राम पंचायत सरपंच सांबती तामो , सुमित आर्य, जोगा पोडियम, अविनाश नायर, विजय कुमार कश्यप सरपंच कोरकोटि,अनिता ताती, सागर कुंजाम, मंगल कड़ती,राजा राम कडती, बुदरू,सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

मुस्लिम समाज ने पहलगाम हमले पर आतंकवाद और पाकिस्तान का किया पुतला दहन

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में 25 अप्रैल की दोपहर जुमा की नमाज के बाद सुन्नी हन्फी जाम मस्जिद के समक्ष मुस्लिम समाज द्वारा आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जलाकर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया।

पूर्व मुस्लिम समाज अध्यक्ष मोहम्मद यासीन ने कहा कि, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकी घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। यह हमला एक कायरतापूर्ण हरकत है और इसके पीछे पाकिस्तान जैसे छोटे देश की नापाक मानसिकता साफ झलकती है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और हमारी सेना को चाहिए कि ऐसे देशों और उनके आतंकी नेटवर्क का नामोनिशान मिटा दिया जाए। इस विरोध प्रदर्शन का आयोजन अंजुमन इस्लामिया के जेरे निगरानी किया गया था। समाज की ओर से पहले ही आव्हान कर आम मुस्लिम जमात से अपील की गई थी कि वे इस विरोध में शामिल होकर इंसानियत के पक्ष में खड़े हों।मुस्लिम समाज ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस आतंकी हमले के दोषियों को फांसी की सजा देकर देश के निर्दोष नागरिकों के साथ न्याय किया जाए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे ।

आतंकवाद का पुतला दहन कर जय स्तंभ चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

कोंडागांव/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा जिला मुख्यालय कोण्डागांव के जय स्तंभ चौक में गुरुवार की देर शाम विरोध प्रदर्शन सह श्रद्धांजली सभा का आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद ने किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, हिंदू संगठन के जन और सनातनी एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और आतंकवादियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं इस दौरान आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला जलाकर आक्रोश प्रकट किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने मोमबत्ती प्रज्वलित का मौन धारण कर हमले में शहीद हुए हिंदू सनातनियों को श्रद्धांजलि दी और राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी,हिन्दू सनातनियो सहित नगर के प्रबुद्ध नागरिक गण मौजूद रहे।

जावंगा एजुकेशन सिटी पहुंचे कलेक्टर

■ **आस्था विद्या मंदिर, बालक छात्रावास, पॉलिटेक्निक संस्थान एवं सक्षम विद्यालय में छात्रों से अध्ययन एवं शिक्षकों से अध्यापन की ली जानकारी**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जावंगा स्थित एजुकेशन सिटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल, बालक छात्रावास, पॉलिटेक्निक संस्थान, नवगुरुकुल तथा सक्षम छात्रावास का निरीक्षण किया। इस क्रम में कलेक्टर आस्था विद्या मंदिर पहुंचकर उसके समस्त कक्षों जैसे लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब और संगीत कक्ष सहित अन्य अध्ययन क्लास रूमों का निरीक्षण करते हुए छात्रों के बैठने की व्यवस्था कम्प्यूटर लैब में आवशयक उपकरणों की उपलब्धता लाइब्रेरी में पुस्तकों के रख-रखाव तथा अन्य रजिस्टरों के संधारणों के बारे में जानकारी ली और अन्य आवश्यकताओं के बारे में शाला के प्राचार्य से पूछा। तत्पश्चात उन्होंने बालक छात्रावास में जाकर छात्रों से उनके पढ़ाई के शेड्यूल, रहने एवं खाने की गुणवत्ता को लेकर छात्रों से संवाद किया। इसी प्रकार एकलव्य परिसर के छात्रों से भी उन्होंने उनकी खेल गतिविधियों के बारे में जानकार उन्हें इस दिशा में बेहत्तर करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस क्रम में एजुकेषन सिटी स्थित पॉलिटेक्निक संस्थान में इलेक्ट्रिक प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्रों से उन्होंने कहा कि वे अपनी कम्युनिकेशन स्किल को बेहत्तर बनायें साथ ही पाठ्यक्रम से सम्बन्धित अध्ययन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपने शिक्षकों से निःसंकोच चर्चा करें। इसके साथ ही उन्होंने यहां इलेक्ट्रिक मशीन लेब मैकेनिक लैब, वेल्डिंग शॉप, कारपेंटर फिटिंग वर्कशॉप को भी देखा। इस दौरान उन्होंने ऊर्जा संरक्षण विषय पर पढ़ाये जा रहे छात्रों से चर्चा करके उनसे गैर परम्परागत एवं परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के बारे में व्याख्या करने को कहा और एक छात्रा द्वारा सही उत्तर देने पर उसे शाबासी दी।

तत्पश्चात कलेक्टर ने इसी परिसर में स्थित नवगुरूकुल में पहुंचकर कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और बिजनेस स्किल्स की ट्रेनिंगरत् छात्रों से चर्चा किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन दन्तेवाड़ा की अभिनव पहल पर नवगुरुकुल फाउंडेशन के द्वारा जिले के युवाओं के लिए बिजनेस स्किल्स में दक्ष बनाने के लिए कोर्स प्रारम्भ किया गया है। इस 18 से 21 महीने का आवासीय प्रशिक्षण के तहत छात्रों को फ्री कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और बिजनेस स्किल्स की ट्रेनिंग, फ्री हॉस्टल, लैपटॉप, इंटरनेट और भोजन पूरी तरह से आवासीय और जॉब-ओरिएंटेड कोर्स की सुविधा दी जा रही है। कलेक्टर श्री दुदावत ने नवगुरुकुल में चल रहे स्किल डेवेलपमेंट प्रोग्राम्स की सराहना की और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भर बनने के लिए इन अवसरों का पूरा लाभ उठाएं। इस मौके पर यहां के प्रशिक्षनार्थी सनकूराम और देवेन्द्र साहू के ई-कामर्स पर आधारित प्रोजेक्ट की कलेक्टर ने तहे दिल से तारीफ किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सक्षम विद्यालय के भवन के छात्रावास को देखकर कुछ तकनीकी खामियों पर भी चिंता व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।इस दौरान कलेक्टर ने एकलव्य खेल परिसर में स्थित जिला प्रषासन द्वारा छात्रों के लिए प्रारंभ किये गये घुड़सवारी स्किल को भी देखकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके अलावा इसी परिसर में बनाये जा रहे निर्माणाधीन ट्रैक एवं वाटिका के निर्माण कार्य के लिए एजेसिंयों को 15 दिवस के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देष दिये। इसी प्रकार यहां निर्माणाधीन क्रिकेट ग्राउण्ड को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। अपने निरीक्षण दौरे के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने विकासखण्ड गीदम अंतर्गत अन्य निर्माणाधीन कार्य जैसे ग्राम छिन्दनार का खेल मैदान, बारसूर स्थित ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब का सौन्दर्यीकरण के कार्यो को भी देखकर गुणवत्तासहित तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिये। ग्राम छिन्दनार के खेल मैदान में अन्य जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के विषय में उन्होंने कहा कि जिला प्रषासन का लक्ष्य यह है कि स्थानीय खेल प्रतिभाओं को तराषकर उन्हें जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा सके। बारसूर नगर पंचायत में अपने निरीक्षण के दौरान यहां इण्डोर स्टेडियम सहित यहां बन रहे ''कॉटेज'' तथा ऐतिहासिक नागफनी मंदिर में बन रहे निर्माणाधीन कार्यो की जानकारी लेते हुए अतिशीघ्र गुणवत्तासहित पूरा करने को कहा।

सुविधाओं का आंकलन करने ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आकलन करने हेतु ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन प्रारंभ हो गया है।

निर्धारित तिथियों के अनुसार आयोजित हो रहे जनचौपालों में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी उपस्थित होकर ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का आकलन कर रहे हैं। इस दौरान शासकीय भवनों की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है तथा ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने की स्थिति की जानकारी एकत्रित की जा रही है।

महाविद्यालय में पंचायती राज दिवस और विकसित भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा पंचायती राज दिवस एवं विकसित भारत अभियान 2025 के तहत एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राध्यापको ने पंचायतीराज व्यस्था पर चर्जा करते कहा गया कि पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की नींव है, जो जमीनी स्तर पर जनभागीदारी को सशक्त बनाती है। कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने ग्रामीण विकास, पारदर्शिता, और स्थानीय स्वशासन के महत्व पर विचार व्यक्त किए।युवा वर्ग को पंचायत व्यवस्था को समझकर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्राचार्य ने विकसित भारत के उद्देश्यों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि भारत सरकार 2047 तक भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। आजादी के 75 वे स्वतंत्रता दिवस से लेकर 100 वे स्वतंत्रता दिवस को अमृत काल कहा गया है, जो भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लक्ष्य के रूप में माना गया है । उन्होंने कहा की यह सभी के समग्र प्रयास एवं युवा शक्ति के प्रयासों से ही संभव हो सकता है। इस विकसित भारत कार्यक्रम में एनसीसी परचनपाल से अचिंत्य विश्वास एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, स्टाफएवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

‘मोर दुआर, साय सरकार’ अभियान का अंतिम चरण

पक्के आवास के सर्वे का बचा है सिर्फ 4 दिन

पात्र हितग्राहियों को जोड़ने प्रशासनिक कवायद हुई तेज

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी मोर दुआर, साय सरकार अभियान अपने अंतिम चरण में है। इस अभियान के तहत, प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण किया जा रहा है। जिले में इस विशेष पखवाड़े का समापन 30 अप्रैल को होगा, जिसके मद्देनज़र जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है ताकि कोई भी ज़रूरतमंद परिवार इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित न रह जाए।

कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को इस योजना में शामिल किया जाए।

सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि अभियान के तहत टीमें घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही हैं। वे न केवल ग्रामीण परिवारों को शासन की योजनाओं से अवगत करा रहे हैं, बल्कि आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण में पात्र हितग्राहियों का नामांकन भी सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि हर पात्र हितग्राही को अपना पक्का मकान मिले और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

चूंकि सर्वेक्षण के लिए अब केवल 4 दिन शेष हैं, जिला प्रशासन सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा है कि वे पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें ताकि ÷कोई भी वंचित न छूटे÷ के लक्ष्य को साकार किया जा सके। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की आवश्यकता वाले परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, और प्रशासन यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है कि सभी पात्र लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।

नगर पालिका उपाध्यक्ष बचेली सतीश प्रेमचंदानी के नवीन कार्यालय का विधायक चैतराम अटामी ने किया उद्घाटन

दंतेवाड़ा । भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व नगर पालिका उपाध्यक्ष बचेली सतीश प्रेमचंदानी के नविन कार्यलय का क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने उद्घटान किया 7 इस दौरान स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती माहराज जी की उपस्थिति में स्थानीय पंडितो द्वारा विधि विधान से नविन कार्यालय का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया 7 विधायक चैतराम अटामी,भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता,जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि एवं मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती समेत भाजपा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों से नगर पालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी को शुभकामनाये दिया ।

प्रथम पेज का शेष

लव जिहाद करने वालों को...

से बातचीत हुई है। प्रीतम सिंह लोधी बाहर होने के कारण नहीं आ पाये, बाद में आएंगे। बीना की नगरपालिका अध्यक्ष, देवास की महापौर से बात हुई है और सागर की महापौर आज नहीं पहुंची हैं उन्हें पार्टी नोटिस जारी कर रही है।

आतंकवाद के प्रश्रयदाताओं को मिलेगा करारा जवाब

शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में रह रहे लगभग 220 पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढ-ढूंढ कर निकाला जा रहा है। कुछ अवैध तौर पर रह रहे हैं, उनके खिलाफभी सख्त कार्रवाई की जाएगी। देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कश्मीर में आतंकवाद के प्रश्रयदाताओं को करारा जवाब दिया जाएगा। भारत आतंकवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोकेगा। शर्मा ने कहा कि देश में नक्सलवाद समाप्त हो गया है, अब कश्मीर में प्रायोजित आतंकवाद भी पूरी तरह से समाप्त होगा। केंद्र सरकार करारा जवाब देने के लिए हर तरह से तैयार है।

एमपी में रह रहे..

जानकारी देना है और हम वही कर रहे हैं। जो लोग पहले ही देश छोड़ चुके हैं, उनकी जानकारी भी भेजी जाएगी। बता दें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को कहा हैं कि वे सुनिश्चित करें कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक तय समयसीमा के बाद भारत में न ठहरे। हालांकि यह नियम उन हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों पर लागू नहीं होगा जिन्हें दीर्घकालिक वीजा दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि 27 अप्रैल से सभी वैध पाकिस्तानी वीजा रद्द माने जाएंगे, जबकि मेडिकल वीजा 29 अप्रैल तक वैध रहेंगे। ऐसे में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे जल्द से जल्द देश छोड़ दें।

कर्रेगुट्टा पहाड़ियों पर...

हुई थी। इस दौरान 3 लाख का इनामी नक्सली वेल्ला वाचम मारा गया था। नक्सली वाचम अंबेली ब्लास्ट वारदात में शामिल था। 2024 और 2025 में अब तक कई बड़े नक्सल ऑपरेशन में फोर्स ने माओवादियों पर बड़ा प्रहार किया है।

नक्सलियों का खात्मा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा था कि सरकार और हमारे सुरक्षा बल नक्सल समस्या के खिलाफ बहादुरी से लड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का संकल्प लिया है। बता दें, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का खात्मा कर दिया जाएगा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों का अभियान लगातार जारी है।

पेंच टाइगर रिजर्व में..

की उपस्थिति में बाघिन का शव पूरी तरह जलाकर नष्ट कर दिया गया है। प्रकरण में विस्तृत विवेचना की जा रही है। आरोपियों के संबंध में सूचना मोबाइल नंबर 7447443015 पर दी जा सकती है, सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।

कैलाश मानसरोवर यात्रा..

केवल सीमा पार करने के लिए करीब एक किलोमीटर ही चलना होगा।

यात्रा की खर्च के बारे में वेबसाइट में बताया गया है कि उत्तराखंड वाले मार्ग के लिए लगभग एक लाख 74 हजार रुपये तथा सिक्किम के रास्ते से जाने वालों के लिए दो लाख 83 हजार रुपये प्रति यात्री का शुल्क लिया जाएगा।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यात्रा के चयन तक ऑनलाइन आवेदन के साथ शुरू होने वाली पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया है। इसलिए, आवेदकों को जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर प्रतिक्रिया विकल्पों का उपयोग जानकारी प्राप्त करने, टिप्पणियों को पंजीकृत करने या सुधार के लिए सुझाव देने के लिए किया जा सकता है।

युवा राष्ट्र की प्रगति...

को पूरा करेंगे, उसका सकारात्मक प्रभाव भारत के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा पर पड़ेगा।

मोदी ने जोर देकर कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति एवं सफलता की नींव उसके युवा होते हैं, जब युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं, तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है तथा वैश्विक मंच पर अपनी पहचान स्थापित करता है। उन्होंने कहा, भारत के युवा अपनी कड़ी मेहनत और नवाचार के माध्यम से दुनिया के सामने अपनी अपार क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ते रहें। उन्होंने बताया कि स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही हैं। इन अभियानों के माध्यम से सरकार भारत के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक खुला मंच प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, इस दशक में भारत के युवाओं ने देश को प्रौद्योगिकी, डेटा और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने यूपीआई, ओएनडीसी और जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके जरिये युवा डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी बदलावों का नेतृत्व कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत अब वास्तविक समय के डिजिटल लेनदेन में दुनिया का नेतृत्व करता है और इस उपलब्धि का एक बड़ा हिस्सा युवाओं को दिया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस बजट में घोषित विनिर्माण मिशन का उद्देश्य 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को वैश्विक स्तर पर मानकीकृत उत्पाद बनाने के अवसर प्रदान करना है। यह पहल न केवल देश भर में लाखों एमएसएमई और छोटे उद्यमियों का समर्थन करेगी, बल्कि देश भर में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी÷। उन्होंने कहा कि यह भारत के युवाओं के लिए अवसरों का एक अभूतपूर्व समय है। श्री मोदी ने कहा कि मुंबई जल्द ही विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 की मेजबानी करेगा। इस आयोजन के केन्द्र में युवा हैं और यह शिखर सम्मेलन मीडिया, गेमिंग और मनोरंजन के नवाचार के क्षेत्र में उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है। उन्होंने हाल ही में घोषित सिविल सेवा परीक्षा के नतीजों का हवाला देते हुए कहा ,÷ भारत की बेटियाँ आगे बढ़ रही हैं, जहाँ शीर्ष दो स्थान महिलाओं ने हासिल किए हैं और शीर्ष पाँच में से तीन महिलाएँ हैं।

15000 छात्रों से वसूले...

और अभिभावकों से भारी फीस एकत्र की। लगभग 15000 छात्रों से 206 करोड़ रुपये बतौर फीस वसूले। टीचरों को वेतन नहीं दिया गया। नतीजा, 32 कोचिंग सेंटर बंद हो गए। छात्रों और अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यह भी आरोप है कि फीस का पैसा किन्हीं दूसरे कार्यों में लगा दिया गया। ईडी की तलाशी कार्रवाई से पता चला है कि एफआईआईटी-जेईई द्वारा वर्तमान में चल रहे बैचों के छात्रों से शैक्षणिक सेवाएं प्रदान करने के नाम पर लगभग 206 करोड़ रुपये की भारी रकम एकत्र की गई।

न्यूज़ गैलरी

हरे निशान में खुला शेयर बाजार सेंसेक्स 80,000 स्तर से ऊपर

मुंबई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी, फार्मा और ऑटो सेक्टरों में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.27 बजे सेंसेक्स 265.3 अंक या 0.33 प्रतिशत बढ़कर 80,066.81 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 89.85 अंक या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 24,336.55 पर था। निफ्टी बैंक 222.85 अंक या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54,978.55 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 10.95 अंक या 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,980.80 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 60.20 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,903.30 पर था। बाजार के जानकारों के अनुसार, सकारात्मक शुरुआत के बाद, निफ्टी को 24,200 पर समर्थन मिल सकता है, इससे पहले 24,100 और 24,000 पर समर्थन मिल सकता है। उच्च स्तर पर, 24,500 तत्काल प्रतिरोध हो सकता है, उसके बाद 24,600 और 24,700 स्तर पर प्रतिरोध हो सकता है। चॉइस ब्रोकिंग के डेरिवेटिव विश्लेषक हार्दिक मटालिया ने कहा, निफ्टी बैंक के चार्ट संकेत देते हैं कि इंडेक्स को 55,000, इससे पहले 54,700 और 54,500 पर समर्थन मिल सकता है। अगर इंडेक्स आगे बढ़ता है, तो 55,500 पहला प्रमुख प्रतिरोध होगा, उसके बाद 55,800 और 56,200 स्तर पर प्रतिरोध हो सकता है। इस बीच, सेंसेक्स पैक में टीसीएस, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, एमएंडएम और टाटा मोटर्स टॉप गेनर्स रहे। जबकि, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, नेस्ले इंडिया और इंडसइंड बैंक टॉप लूजर्स रहे। अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में डॉव जोन्स 1.23 प्रतिशत बढ़कर 40,093.40 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 2.03 प्रतिशत बढ़कर 5,484.77 पर पहुंच गया और नैस्डैक 2.74 प्रतिशत बढ़कर 17,166.04 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में जकार्ता, बैंकॉक, सोल, हांगकांग, चीन और जापान हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी बाजारों में गुरुवार को तेजी जारी रही क्योंकि निवेशकों ने हार्ड-हिट टेक्नोलॉजी शेयरों को खरीदा, जिससे एसएंडपी 500 को सुधार क्षेत्र से बाहर निकलने में मदद मिली। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 24 अप्रैल को 8,250.53 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने उसी दिन 534.54 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

दो लाख टन से अधिक गेहूं की खरीद के लिए किसानों को 422 करोड़ का भुगतान

जालंधर। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त डा. हिमांशु अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को उनके खरीदे गए गेहूं की 422 करोड़ रुपए की अदायगी कर दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि जिले की विभिन्न मंडियों में 2,13,686 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें से 2,07,098 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पनग्रेन द्वारा 72,635 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 62,263, पनसप द्वारा 37,316, पंजाब राज्य वेयरहाउस कार्पोरेशन द्वारा 29,334, एफसीआई द्वारा 3551 मीट्रिक टन तथा निजी व्यापारियों द्वारा 1999 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। डा. अग्रवाल ने बताया कि इस सीजन में जिले की 79 मंडियों में 5.25 लाख मीट्रिक टन गेहूं पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बंपर फसल उत्पादन को देखते हुए 23 अस्थायी मंडियों की भी व्यवस्था की गई है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 704.8 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के करीब

नई दिल्ली। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवीं बार बढ़ते हुए 686.14 बिलियन डॉलर हो गया है, जो पिछले साल नवंबर के बाद से उच्चतम स्तर है। यह वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त अवधि के लिए देश के विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह की तुलना में 8.31 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है।इससे पहले 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 1.57 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई थी।सितंबर के अंत में 700 बिलियन डॉलर के अपने शिखर से भारी गिरावट के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार सुधार हुआ है।सितंबर 2024 में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, जो कि भंडार का एक प्रमुख घटक है, बढ़कर 578.49 बिलियन डॉलर हो गई।आरबीआई ने बताया कि इस अवधि के दौरान स्वर्ण भंडार में 4.575 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई, जो 84.572 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई।बैंक के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 212 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.568 बिलियन डॉलर हो गए।आंकड़ों से पता चला कि आईएमएफ के साथ भारत की रिजर्व पॉजिशन में 7 मिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई, जो रिपोर्टिंग सप्ताह में 4.51 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई।भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अनुसार, भारत के वित्तीय बाजार, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक गतिशील और मजबूत ताकत के रूप में विकसित हुए हैं। विदेशी मुद्रा बाजार 2020 में 32 बिलियन डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2024 में 60 बिलियन डॉलर हो गया है और ओवरनाइट मनी मार्केट में औसत दैनिक वॉल्यूम इस चार साल की अवधि में लगभग 3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 5.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।इसी अवधि में सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) बाजारों में औसत दैनिक वॉल्यूम में भी 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 66,000 करोड़ रुपए हो गया है। मल्होत्रा ने कहा कि विदेशी मुद्रा, जी-सेक और मनी मार्केट सहित देश के सभी फाइनेंशियल मार्केट सेगमेंट काफी हद तक स्थिर रहे हैं।हालांकि, कुछ महीने पहले रुपया थोड़ा दबाव में आया था, लेकिन उसके बाद घरेलू करेंसी ने बेहतर प्रदर्शन किया।

उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया

पीएम ने 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत की रणनीतिक दृष्टि पर जोर दिया

नई दिल्ली। इस्पात मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम 'इंडिया स्टील 2025' में विभिन्न हितधारकों को भारतीय इस्पात क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं, चुनौतियों और अवसरों का पता लगाने के लिए एक मंच पर लाया गया है। उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया, जिसमें उन्होंने घरेलू इस्पात उत्पादन को बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत की रणनीतिक दृष्टि पर जोर दिया।मंत्रालय के अनुसार, दिन के दौरान कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। 'विकसित भारत- भारतीय अर्थव्यवस्था में इस्पात क्षेत्र की भूमिका' पर सत्र में वरिष्ठ नीति निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों और उद्योग जगत के नेताओं के एक उच्च स्तरीय पैनल ने भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने में इस्पात की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की।'सीईओ राउंड टेबल' की अध्यक्षता इस्पात और भारी उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने की, जिसमें भारतीय इस्पात क्षेत्र के लिए मौजूद चुनौतियों और विकास पर चर्चा की गई। 'इंडिया-रूस राउंडटेबल' दोनों देशों के प्रमुख हितधारकों के बीच द्विपक्षीय जुड़ाव के लिए एक रणनीतिक मंच रहा।यह चर्चा, इस्पात और खनन क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और व्यापार सुविधा के लिए नए रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी। 'इंडिया स्टील 2025' के दूसरे दिन वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल; शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान; रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव; नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उपस्थिति रही। पहले दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शून्य आयात के लक्ष्य की आवश्यकता और शुद्ध निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। भारत वर्तमान में 25 मिलियन टन इस्पात निर्यात करने और वर्ष 2047 तक उत्पादन क्षमता को 500 मिलियन टन तक बढ़ाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्पात क्षेत्र को नई प्रक्रियाओं, ग्रेड और स्केल के लिए तैयार करने के महत्व पर जोर दिया और उद्योग से भविष्य के लिए तैयार मानसिकता के साथ विस्तार और अपग्रेड करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें गर्व है कि आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक बन गया है। हमने राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

भारत में एमएंडए और पीई डील पहली तिमाही में 204 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत में 2025 की पहली तिमाही में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) और प्राइवेट इक्विटी (पीई) डील्स की वैल्यू में सालाना आधार पर बढ़ा 204 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। जनवरी-मार्च अवधि में 67 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू 5.3 बिलियन डॉलर रही है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस तिमाही में 100 मिलियन डॉलर से अधिक के छह हाई-वैल्यू लेन-देन भी हुए, जिनकी कुल वैल्यू 4.3 बिलियन डॉलर थी। पिछली तिमाही में 100 मिलियन डॉलर से अधिक की केवल चार डील हुई थी और इनकी वैल्यू 534 मिलियन डॉलर थी। रिपोर्ट में बताया गया कि यह रुझान निवेशकों के बीच नए सिरे के आत्मविश्वास को दर्शाता है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत को पूंजी निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करता है। ग्रांट थॉर्नटन भारत के विशाल अग्रवाल ने कहा, वैश्विक चुनौतियों और पूंजी बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, भारत की विकास दर आशाजनक बनी हुई है। बजट 2025 में विनियामक सरलीकरण और सहयोगात्मक विकास पर जोर दिए जाने के साथ, हम उम्मीद करते हैं कि पूंजीगत व्यय में तेजी आएगी, जिससे नए सिरे से पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। 2025 की पहली तिमाही में एमएंडए सेगमेंट में 28 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू 4 अरब डॉलर से अधिक थी। तिमाही आधार पर यह डील वॉल्यूम का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा और वैल्यू का तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। पीई सेगमेंट में मार्च तिमाही में 37 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू करीब एक अरब डॉलर रही। पिछली तिमाही के मुकाबले डील वैल्यू में 2 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट में बताया गया कि पूंजी बाजारों ने 2025 की पहली तिमाही में सुस्त प्रदर्शन किया, जिसमें आईपीओ गतिविधि में कमी देखी गई। इस दौरान 316 मिलियन डॉलर के कुल दो क्यूआईपी जारी हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्राथमिक बाजार गतिविधि में मंदी से पता चलता है कि कंपनियां प्रतीक्षा और निगरानी का दृष्टिकोण अपना रही हैं और संभावित रूप से अधिक अनुकूल बाजार स्थितियों के लिए लिस्टिंग और पूंजी जुटाने को टाल रही हैं।

एयरटेल ने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए किए नए प्लान्स लॉन्च

रायपुर। भारती एयरटेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पोर्टफोलियो में नए प्लान्स की घोषणा की है, जो ग्राहकों के लिए सरल, किफायती और पूरी तरह से सुविधाजनक अनुभव प्रदान करेंगे। कंपनी ने भारत की पहली अनलिमिटेड* इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स लॉन्च किए हैं, जो 189 देशों में अनलिमिटेड डेटा प्रदान करते हैं।

इसके अतिरिक्त, एयरटेल ने लंबे समय तक विदेश में रहने वाले एनआरआई समुदाय के लिए रु 4000 का एक अनूठा रिचार्ज प्लान लॉन्च किया है, जिसकी वैधता एक साल की है। इस प्लान में 5 जीबी डेटा और 100 वॉयस मिनट दिए जाते हैं, जो विदेश में उपयोग के लिए उपलब्ध है, जबकि भारत में ग्राहक इसी प्लान का उपयोग करते हुए 1.5जीबी डेली डेटा और अनलिमिटेड कॉल का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह प्लान ग्राहकों को 189 देशों में कहीं भी सुविधाजनक कनेक्टिविटी अनुभव प्रदान करता है और भारत में उसी नंबर का उपयोग करते हुए बिना अलग से रिचार्ज किए हुए सेवाओं का लाभ उठाने की सुविधा देता है।

सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर (मार्केटिंग) और सीईओ - कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, एयरटेल में, हम अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने और उन्हें अधिक मूल्य एवं सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने अपने इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स को बहुत ही सरल बना दिया है, जो वास्तव में हमारे ग्राहकों के अनुभव को पूरी तरह से बदल देंगे और उन्हें दुनिया भर में घूमते हुए बिना किसी परेशानी के डेटा और वॉयस का स्वतंत्रता से उपयोग करने की आज़ादी देंगे। हम अपने ग्राहकों को लगातार ऐसे समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उनकी लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करें।

भारत में ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या फरवरी में 944.04 मिलियन रही : ट्राई

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को कहा कि भारत में ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या फरवरी में 944.04 मिलियन हो गई है। सरकारी एजेंसी द्वारा यह जानकारी 1,189 ऑपरेटर्स से मिले डेटा के आधार पर दी गई।

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी महीने में 12.06 मिलियन ग्राहकों ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) के लिए आवेदन किया था। एमएनपी के शुरू होने के बाद से जनवरी के अंत में संचयी एमएनपी आवेदनों की संख्या 1,093.33 मिलियन से बढ़कर फरवरी के अंत में 1,105.39 मिलियन हो गई है। वायरलेस (मोबाइल) सेगमेंट में निजी टेलीकॉम कंपनियों के 92.03 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी, जबकि दो सरकारी टेलीकॉम कंपनियों ब्रू बीएसएनएल और एमटीएनएल की बाजार हिस्सेदारी केवल 7.97 प्रतिशत थी।

भारत में कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या फरवरी में 1,192.03 मिलियन से बढ़कर 1,197.23 मिलियन हो गई, जो 0.42 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर दर्शाता है। इसी अवधि के दौरान शहरी टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 663.83 मिलियन से बढ़कर 667.93 मिलियन हो गई और ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या भी 528.20 मिलियन से बढ़कर 529.31 मिलियन हो गई। भारत में कुल टेली-घनत्व जनवरी के अंत में 84.54 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी के अंत में 84.85 प्रतिशत हो गया। शहरी टेली-घनत्व जनवरी के अंत में 131.40 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी के अंत में 132.01 प्रतिशत हो गया और इसी अवधि के दौरान ग्रामीण टेली-घनत्व भी 58.38 प्रतिशत से बढ़कर 58.48 प्रतिशत हो गया। फरवरी के अंत में कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं में शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी क्रमशः 55.79 प्रतिशत और 44.21 प्रतिशत थी। मशीन-टू-मशीन (एम2एम) सेलुलर मोबाइल कनेक्शनों की संख्या जनवरी के अंत में 63.09 मिलियन से बढ़कर फरवरी के अंत में 64.71 मिलियन हो गई। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, भारती एयरटेल लिमिटेड के पास सबसे अधिक एम2एम सेलुलर मोबाइल कनेक्शन हैं, जिनकी संख्या 33.86 मिलियन है और इसकी बाजार हिस्सेदारी 52.33 प्रतिशत है, जिसके बाद वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का स्थान है।

खेल

जीडी गोयनका स्कूल में खेल महोत्सव शुरू वॉलीबॉल और खोखो में खिलाड़ियों ने दिखाया जोश

बरेली। खेल महोत्सव के पहले दिन वॉलीबॉल और खोखो प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बरेली में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को वार्षिक खेल महोत्सव स्टेअर्स 2025 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत्त सीओ जगदीश सिंह पाटनी ने किया।

वॉलीबॉल और खोखो में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खेल महोत्सव में वॉलीबॉल और खोखो प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालक वर्ग) में जिंगल बेल स्कूल का प्रथम और सोल्जिस स्कूल का द्वितीय स्थान रहा। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालक वर्ग) में सेंट थॉमस स्कूल ने प्रथम स्थान व उड़ान ग्लोबल स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालिका वर्ग) में उड़ान ग्लोबल स्कूल ने प्रथम स्थान और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालिका वर्ग) में ब्लू बर्ड स्कूल ने प्रथम स्थान और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।अंडर-19 क्रिकेट टीम चयन के लिए शुक्रवार को बरेली और शाहजहांपुर के बीच मुकाबला हुआ। इसमें शाहजहांपुर ने छह विकेट से जीत दर्ज की। बरेली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 40.1 ओवरों में टीम ने 260 रन बनाए। जवाब में शाहजहांपुर की टीम ने 40.1 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस दौरान यूपीसीए के पर्यवेक्षक सर्वेश भटनागर, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज खान, सचिव कर्नल सीताराम सक्सेना, आदेश तिवारी और संयुक्त सचिव ओपी कोहली मौजूद रहे।

मोहम्मद शमी ने आईपीएल में रचा इतिहास

मलिंगा और बोल्ट को पछाड़कर बने पहले गेंदबाज



चेन्नई। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 25 अप्रैल को एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में इतिहास रच दिया. वह आईपीएल इतिहास में चार बार पारी की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं. उन्होंने ये कारनामा चेन्नई के युवा सलामी बल्लेबाज शेख रशीद को मैच की पहली गेंद पर आउट करके किया. शमी की गेंद को बल्लेबाज ने ऑफसाइड में धकेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के किनारे को छोती हुई स्लिप में चली गई, जहां अभिषेक शर्मा ने कोई गलती नहीं की और आसान सा कैच पकड़कर शमी को इतिहास रचने का मौका दे दिया। ये चौथी बार था जब शमी ने पारी की पहली गेंद पर विकेट लिया हो, इससे पहले वो जैक्स कैलिस (दुबई, 2014), केएल राहुल (वानखेड़े, 2022) और फिल साल्ट (अहमदाबाद, 2023) जैसे खिलाड़ियों को पारी की पहली गेंद पर आउट कर चुके हैं। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, लसिथ मलिंगा और आशीष डिंडा ने 3-3 बार यह उपलब्धि हासिल की है। शमी आईपीएल 2025 में अपने फॉर्म से जूझ रहे थे और प्रतियोगिता के पहले सात मैचों में उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा। अपने खराब फॉर्म के कारण पिछले मैच से भी उन्हें बाहर कर दिया गया था. इस मैच में शमी ने 3 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट हासिल किए. ओवरऑल आईपीएल में शमी के टिकटों की बात करें तो उन्होंने 118 मैचों में 8 का इकोनॉमी और 27 की औसत से कुल 133 विकेट लिए है। मैच में हैदराबाद के कप्तान कमिंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया. जिसके बाद साएरके की युवा सलामी जोड़ी रशीद और आयुष म्हात्रे ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया, वे आईपीएल में केवल चौथे सलामी बल्लेबाज हैं, जहां दोनों बल्लेबाज 21 साल से कम उम्र के थे। मैच की बात करें तो आईपीएल 2025 के 43वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 बॉल शेष रहते हुए 5 विकेट से हरा दिया है. यह हैदराबाद की इस सीजन 9 मैचों में तीसरी जीत है जबकि चेन्नई की 9 मैचों में 7वीं हार है।

आसमान छू रहा श्रीनगर से इंदौर वापसी का हवाई किराया

इंदौर/नवप्रदेश। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद कश्मीर में फंसे लोग अब अपने अपने शहरों की तरफ लौट रहे हैं। इस बीच लैंड स्लाइड के कारण जम्मू हाईवे पांच दिनों से बंद था। उसे आंशिक रूप से खोला जा रहा है। ज्यादातर पर्यटक ट्रैफिक जाम में फंसने का जोखिम उठाने के बजाए उड़ानों से अपने घरों की तरफ लौटने का विकल्प चुन रहे हैं। शुक्रवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन जैसी भीड़ थी। सामान की जांच से लेकर बोर्डिंग तक के लिए लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं। यात्री फ्लाइट छूटने के डर से तय बोर्डिंग समय से काफी पहले एयरपोर्ट पहुंच रहे थे।

इंदौर तक का किराया हुआ डबल

श्रीनगर से पर्यटकों की फ्लाइट की बुकिंग का दवाब बढ़ने का फायदा भी एयरलाइंस कंपनियों ने खूब उठाया। श्रीनगर से दिल्ली तक का किराया हमले के दूसरे दिन 25 हजार तक पहुंच गया था। सरकार ने कंपनियों को किराया सामान्य रखने के लिए कहा, लेकिन कंपनियों ने आपदा में अवसर खोजने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। मध्य प्रदेश के एक पर्यटक विश्वास बोराडे ने बताया कि श्रीनगर से इंदौर तक के दो टिकट उन्होंने 38 हजार में खरीदे, जबकि जाते समय 18 हजार में दो टिकट मिले थे। दिल्ली, जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़ जैसे श्रीनगर के निकटवर्ती शहरों का हवाई किराया ही 10 से 15 हजार प्रति यात्री लग रहा था।

भीषण गर्मी में पानी को लेकर मची है त्राहि-त्राहि

एक माह में 900 हैंडपंपों ने दे दिया जवाब

सीहोर /नवप्रदेश। सीहोर जिले में भीषण गर्मी के साथ ही जलसंकट भी बढ़ता जा रहा है। हैंडपंप, ट्यूबवेल जवाब देते जा रहे हैं। पानी को लेकर जिले के शहरी क्षेत्रों के अलावा कई ग्रामीण इलाकों में पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है।

जल संकट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले एक माह में पीएचई को बंद हो चुके 899 हैंडपंपों में पाइप बढ़ाने सुधार कार्य कराना पड़ा। पानी की व्यवस्था सुचारू करने पीएचई विभाग दिन रात जल प्रभावित क्षेत्रों पर नजर रखे हुए है।

जलसंकट के कारण इस भीषण गर्मी में लोगों को दिन-रात एक करना पड़ रहा है। जिले के कई गांवों में लोग पानी के इंतजाम में सुबह से रात तक लगे हुए नजर आ रहे हैं। हालात ये है कि भीषण गर्मी पड़ने के कारण हैंडपंपों और जलस्त्रोतों का जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। इसके कारण हैंडपंप हिचकी लेते हुए पानी देना बंद कर रहे हैं। जलसंकट के कारण अनेक गांवों के लोग प्रतिदिन पीएचई और कलेक्ट्रेट के चक्कर लगाकर पानी के इंतजाम की गुहार लगा रहे हैं।

29 हैंडपंपों में मोटर पंप डाले: पीएचई की मानें तो जलस्तर काफी नीचे जाने से 29 हैंडपंप पूरी तरह से बंद हो गए थे और पानी पाताल नाप रहा था। इसके अतिरिक्त जिन हैंडपंपों का जल स्तर अत्यधिक नीचे जा चुका है, उन हैंडपंपों के नलकूपों में सिंगलफेस मोटर पंप स्थापना का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विकासखंड सीहोर में 13 नग विकासखंड इछावर में 06 नग, विकासखंड आष्टा में 07 नग, विकासखंड बुधनी में 03 नग इस प्रकार कुल 29 नग सिंगलफेस मोटर पंप स्थापित कर पेयजल आपूर्ति प्रारंभ की गई है।

पिछले एक माह में 900 हैंडपंपों ने छोड़ा साथ

जिले में पिछले एक माह में करीब 900 हैंडपंपों ने साथ छोड़ दिया। जलस्तर नीचे जाने के कारण हैंडपंप शोपीस बनकर रह गए। पीएचई की माने तो सूखे हैंडपंपों को सुधार का कार्य किया जा रहा है। विगत एक माह में सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग द्वारा प्रकार कुल 899 हैंडपंपों का सुधार कार्य पूर्ण कराया गया है। इनमें सीहोर विकासखंड में 175 हैंडपंप, इछावर विकासखंड में 149 हैंडपंप, आष्टा विकासखंड में 225 हैंडपंप, बुधनी विकासखंड में 195 हैंडपंप एवं भैरूंदा विकासखंड में 155 हैंडपंप राइजर पाइपों बढ़ाने और सुधार कार्य किया गया है।

न्यूज गैलरी

हमले से 15 मिनट पहले निकला परिवार, गोलीबारी सुन होटल लौटा

छिंदवाड़ा/नवप्रदेश। कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों लोगों की जान चली गई। कई घायल अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। लेकिन, कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो इस आतंकी हमले में बाल-बाल बच गए। ऐसे ही एक कहानी मप्र के पांढुर्णा के शंकर नगर निवासी गुलशन मदान की है। गुलशन और उनका परिवार भी पहलगाम में मौजदू था। आतंकी हमले से करीब 15 मिनट पहले ही परिवार के सभी लोग घोड़े पर सवार होकर वहां से निकले थे। कुछ दूर जाने के बाद ही पीछे से गोलियों की आवाजें सुनाई देने लगीं। इससे घबराकर वे जंगल के रास्ते होते हुए वापस एक होटल में पहुंचे। इसके बाद 14 घंटे कमरे में बंद रहे। बता दें कि गुलशन मदान अपने परिवार के साथ घूमने गए थे। माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के बाद वे पहलगाम पहुंचे थे। गुलशन मदान ने कहा कि हमें समझ ही नहीं आया कि क्या करें। डर तो था ही, लेकिन जंगल का रास्ता ही एकमात्र विकल्प था। भगवान की कृपा रही कि हम समय पर वहां से निकल पाए। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर से बुधवार सुबह 5 बजे तक हम होटल के कमरे में बंद रहे। बाहर सुरक्षाबलों का घेरा था, रास्ते सील और हर तरफ सन्नाटा था। इससे बच्चे डरे हुए थे, महिलाएं लगातार प्रार्थना कर रही थीं। रातभर कोई नहीं सो पाया।

परिजनों की सांसें अटकी रहीं

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पांढुर्णा में मौजूद परिजन लगातार फोन पर संपर्क में बने रहे। गुलशन मदान का परिवार बुधवार शाम तक सुरक्षित जम्मू पहुंच गया, जहां से वे अपने घर के लिए रवाना हुए। पांढुर्णा में जैसे ही खबर फैली कि गुलशन मदान और उनका परिवार सुरक्षित है, शंकर नगर क्षेत्र में राहत की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह पूरी घटना एक चमत्कार से कम नहीं है।

सीबीएन के सब इंस्पेक्टर की संदिग्ध हालात में मौत

नीमच/नवप्रदेश। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो में पदस्थ सब इंस्पेक्टर अजय कुमार शुक्ला की शनिवार सुबह एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वे अफीम तौल केंद्र पर ड्यूटी कर रहे थे और अम्रपाली होटल में ठहरे हुए थे। सुबह जब वे बाहर नहीं दिखे तो साथियों को शक हुआ। दरवाजा तोड़कर कमरे में देखा तो वे अचेत अवस्था में पड़े थे। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे को सील कर दिया गया। प्राथमिक जांच में होटल के कमरे में उल्टी के निशान मिले हैं, जिससे जहरीला पदार्थ सेवन करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। कैंट थाना प्रभारी पुष्पा चौहान ने बताया कि अजय कुमार शुक्ला सीपीएस पद्धति से अफीम तौल केंद्र पर तैनात थे। शुक्रवार रात भोजन करने के बाद वे सोने चले गए थे, लेकिन शनिवार सुबह तक नहीं उठे।

5 मई से होंगे आरटीई से एडमिशन

टाइमटेबल घोषित, 7 मई से 21 मई तक होंगे आवेदन

शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में नए शिक्षा सत्र के लिए निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को एडमिशन दिलाने राज्य शिक्षा केंद्र ने टाइम टेबल जारी कर दिया है। 5 मई 2025 को निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने जिला कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश देकर कहा है कि प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (ऋक्षश्च) के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जाएगी। इसके लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया है। शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है।

ऐसे चलेगा एडमिशन का कार्यक्रम

- कैलेंडर के अनुसार 5 मई, 2025 को निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा।
- त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जाएगा।
- आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केंद्र में 7 मई से 23 मई तक होगा।
- रेंडम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जाएगी।
- आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जाएगा।

कक्षा में प्रवेश की आयुसीमा

- नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह होगी।
- केजी-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह रहेगी।
- केजी-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह होगी।
- कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह तय की गई है।

ऐसे चलेगी आवेदन की प्रक्रिया

- आवेदक अपने ग्राम, वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन दर्ज करा सकेंगे।
- सत्यापन केंद्र (शासकीय जन-शिक्षा केंद्र) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है।
- प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गई है।
- इससे जुड़ी जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

आपत्तिजनक ऑडियो वायरल होने के बाद नपा अध्यक्ष बुरे फंसे

छिंदवाड़ा/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक ऑडियो वायरल किए जाने के मामले में परासिया नगरपालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय के खिलाफ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

यह मामला भाजपा नेता और पार्षद अनुज पाटकर की शिकायत पर दर्ज किया गया है। पाटकर ने आरोप लगाया कि उनके परिवार की महिलाओं के बीच हुई एक निजी बातचीत की ऑडियो क्लिप को सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिससे उनकी और उनके परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। उनका आरोप है कि यह क्लिप नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय द्वारा वायरल की गई।

शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और शुक्रवार को विनोद मालवीय के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। परासिया डीएसपी जितेन्द्र जाट ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामला भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज किया गया है और नियमानुसार अगली कार्रवाई की जा रही है। उधर, नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा है कि उन्हें इस संबंध में किसी भी मामले की जानकारी नहीं है और जब तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिलती, वे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब विनोद मालवीय सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विवादों में घिरे हों। वर्ष 2021 में भी उनके खिलाफ इसी तरह का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें वे न्यायिक हिरासत में भी रह चुके हैं।

जबलपुर से होकर कानपुर-बेंगलुरु के बीच चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

जबलपुर/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त आवाजाही को देखते हुए और उनकी यात्रा संबंधी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन ने कानपुर सेंट्रल-एसएमवीबी बेंगलुरु-कानपुर सेंट्रल के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी विशेष किराये पर 6-6 ट्रिप के लिए संचालित की जाएगी। ट्रेन में वातानुकूलित एवं शयनयान श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। यह विशेष ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर और इटारसी स्टेशनों से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेगी।

कानपुर से कब छूटेगी

गाड़ी संख्या 04131, कानपुर सेंट्रल से एसएमवीबी बेंगलुरु के बीच संचालित साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, 27 अप्रैल से 1 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से रात 19:50 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन सतना में मध्यरात्रि 02:50 बजे, कटनी में भोर 04:15 बजे, जबलपुर में सुबह 05:35 बजे तथा इटारसी में सुबह 09:25 बजे पहुंचेगी और तीसरे दिन मंगलवार को शाम 18:30 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी।

बेंगलुरु से कब छूटेगी

इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 04132, एसएमवीबी बेंगलुरु से कानपुर सेंट्रल के बीच संचालित साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, 30 अप्रैल से 4 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार को एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन से सुबह 07:10 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन इटारसी में दोपहर 12:30 बजे, जबलपुर में दोपहर 15:45 बजे, कटनी में शाम 17:05 बजे और सतना में शाम 18:30 बजे पहुंचेगी तथा तीसरे दिन शुक्रवार को मध्यरात्रि 02:00 बजे कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी।

कहां-कहां होगा ठहराव

यात्रा के दौरान यह ट्रेन दोनों दिशाओं में फ्तेहपुर, प्रयागराज, शंकरगढ़, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचेरियल, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, चीराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडूर, पेरम्बूर, अरक्कोणम जंक्शन, काटपाडी, जोलारपेट्टई, बांगरपेट और कृष्णराजपुरम स्टेशनों पर ठहरेगी।

भीषण सड़क हादसे में तीन किशोरों की मौत

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन के बड़नगर-भाटपचलाना मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया। खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से बाइक सवार नाबालिग टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर खून फैल गया। हादसे के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान तीन किशोरों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि ग्राम राठौरखेड़ी के पास चार युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करते हुए घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल रवाना किया गया। जांच में सामने आया कि चारों घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भेजा गया था, जिसमें दो को उज्जैन, एक को नागदा और एक को बड़नगर अस्पताल भेजा गया था। उपचार के दौरान उज्जैन और नागदा भेजे गए तीनों किशोरों की मौत हो गई, जबकि बड़नगर अस्पताल में भर्ती एक किशोर की हालत अब भी गंभीर है। मृतकों में रोहित पिता भीमा चंद्रवंशी (13 वर्ष), दक्ष पिता प्रकाश डोडिया (9 वर्ष), निवासी चिरोलाकलां और कैलाश शामिल हैं।

इंसानियत शर्मसार | शादी में गईं थीं पीड़िता...लौटते समय घटी घटना

चार आदिवासी लड़कियों से गैंगरेप, 7 गिरफ्तार

बालाघाट/नवप्रदेश। बालाघाट जिले के हट्टा थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। एक विवाह समारोह से लौट रहीं तीन नाबालिग लड़कियों और एक युवती के साथ सात युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

सभी पीड़िताएं आदिवासी समुदाय की हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन घंटे के भीतर सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है।

विवाह समारोह से लौटते समय हमला

घटना 23 अप्रैल की रात करीब दो बजे की है। चारों लड़कियां एक लड़के के साथ विवाह समारोह से अपने घर लौट रही थीं। तभी रास्ते में दो बाइकों पर सवार सात युवक पहुंचे और लड़कियों के साथ जा रहे लड़के को डरा-धमकाकर भगा दिया। इसके बाद आरोपियों ने लड़कियों को सुनसान इलाके में ले जाकर उनके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी युवकों ने विवाह समारोह में लड़कियों को देखा था और वहां से उनका पीछा करना शुरू किया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने 24 अप्रैल की शाम को हट्टा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई

शिकायत मिलते ही पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह खुद हट्टा थाना पहुंचे और विशेष टीम गठित कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू की। तीन घंटे के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों लोकेश मात्रे (22 वर्ष), लालचंद खरे (28 वर्ष), अज्जु बगडते (21 वर्ष), अजेन्द्र बाहे, राजेन्द्र कावरे (20 वर्ष) मानिराम बाहे और एक नाबालिग है।

नक्सल क्षेत्र में घटी घटना, सख्त कार्रवाई की चेतावनी

यह घटना नक्सल प्रभावित क्षेत्र में घटी है, जहां पहले ग्रामीणों ने आपसी समझौते की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने साफ कर दिया कि इस तरह के गंभीर अपराध में कोई समझौता नहीं हो सकता। एसपी नगेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस तीन से चार महीनों के भीतर न्यायालय से आरोपियों को कठोर सजा दिलवाने का प्रयास करेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) email: navpradeshbhopal@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878